डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

रॉयल पत्रिका मंगवाने के लिए संपर्क करें -
9799559096
0141-4982834

# रॉयल पत्रिका

प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कैसे करें? और सरकारी नौकरियों की जानकारी के लिए पढ़ें पृष्ठ 5

वर्ष : 20 | अंक : 41 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 7 रुपए

## अंता विधानसभा उपचुनाव में सरकार, विपक्ष की प्रतिष्ठा दाव पर

*-संभावित तीसरे मोर्चे के नेताओं ने पूरी ताकत झोंकी*
*-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया रोड शो*
*-जीत के लिए सभी उम्मीदवारों का अपना-अपना दावा*



**एम. खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। अंता विधानसभा उपचुनाव बड़ी रोचक स्थिति में पहुंच गया है। सरकार और विपक्ष के नेताओं ने इस चुनाव को प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है। प्रदेश में भाजपा की सरकार है। झालावाड़ संसदीय क्षेत्र का अंता विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की प्रतिष्ठा दाव पर लगी हुई। माना जा रहा है कि भाजपा उम्मीदवार मोरपाल सिंह सुमन को पूर्व मुख्यमंत्री राजे की अनुशंसा पर ही टिकट दिया गया है। भाजपा की गंभीरता का पता इसी से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने लगातार दो दिन 8 और 9 नवंबर को चुनाव प्रचार किया। भाजपा ने अंता विधानसभा चुनाव जीतने के लिए सभी संभावित प्रयास किए हैं। इसी तरह कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन 9 नवंबर को अंता में रोड शो किया और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया को जिताने की जनता से अपील की। कांग्रेस के धुरंधर नेता प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सचिन पायलट, धर्मेंद्र सिंह राठौड़, प्रहलाद गुंजल, अशोक चांदना, शांति धारीवाल सहित दर्जन नेताओं ने सघन प्रचार किया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है।

**नरेश मीणा को मिल रहे समर्थन से भाजपा और कांग्रेस दोनों ही भयभीत-**

अंता विधानसभा चुनाव संभावित तीसरे मोर्चे के नेताओं ने निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। सांसद हनुमान बेनीवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गुड़ा, सांसद संजय सिंह, एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष अशफाक खान और आम आदमी के प्रदेश अध्यक्ष ने अंता चुनाव में नरेश मीणा को जिताने के लिए पूरी कोशिश की है। नरेश मीणा यदि चुनाव जीतते हैं तो राजस्थान में संभावित तीसरे मोर्चे का जन्म होना तय माना जा रहा है। अंता की जनता ने भी सभी उम्मीदवारों और पार्टियों को बराबर-बराबर समर्थन देकर ऐसा माहौल बना दिया है कि यहां कांग्रेस, बीजेपी और नरेश मीणा में से किसी की भी जीत हो सकती है।

अंता की जनता नेताओं से ज्यादा होशियार दिखाई दे रही है और चुनाव प्रचार का पूरा आनंद उठा रही है। जबकि पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं पैसा खर्च कर रहे हैं फिर भी जीत की गारंटी नहीं है। अंता की जनता ने नेताओं से बहुत मेहनत करवाई है लगता है पूरे 5 वर्ष नेताओं के चक्कर लगाने वाली जनता ने नेताओं से उनसे ज्यादा मेहनत और चक्कर लगवा लिए हैं। 11 नवंबर को चुनाव होना है और 14 नवंबर को परिणाम आएगा लेकिन इस चुनाव में पहली बार जनता की जीत होने जा रही है।

## क्या भारत में कोई नेता ज़ोहरान ममदानी जैसा हो सकता है ?



जयपुर (रॉयल पत्रिका) । अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी में 34 वर्षीय मुस्लिम उम्मीदवार ज़ोहरान ममदानी ने मेयर पद का चुनाव बड़े अंतर से जीता है । अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश में न्यूयॉर्क जैसे महत्वपूर्ण शहर का मेयर बनना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है । ज़ोहरान ममदानी ने मेयर पद का चुनाव तब जीता है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनका खुला विरोध किया और बड़े पूंजीपतियों ने ममदानी को हराने के लिए बड़ा फंड खर्च किया । न्यूयॉर्क सिटी की जनता जिसमें ईसाई, मुस्लिम, हिंदू और अन्य सभी ने ममदानी को समर्थन दिया, सिर्फ यहूदी वर्ग ने ममदानी का विरोध किया । ज़ोहरान ममदानी एक डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट हैं, वह पूंजीपतियों के खिलाफ हैं । अमेरिका में अमेरिका के हितों की बात करने वाले बुद्धिमान एवं निडर लोगों को बहुत पसंद किया जाता है । अमेरिका विकसित और शक्तिशाली देश दूसरे देशों से आए ब्रेन इंपोर्ट से बना है । अमेरिका में धार्मिक पक्षपात, भ्रष्टाचार जैसे हानिकारक तत्व बड़ी मात्रा में चलन में नहीं हैं, वहां योग्य लोगों का खुलकर स्वागत किया जाता है।

**भारत देश में ममदानी जैसा नेता हो सकता है ?**

भारत देश जनसंख्या के लिहाज़ से विश्व का सबसे बड़ा देश है । भारत की जनता ने भी योग्य, बुद्धिमान एवं मेहनती लोगों को दिल से स्वीकार किया है । चाहे वह किसी भी धर्म, समुदाय वर्ग, जाति और नस्ल का व्यक्ति रहा हो । भारत एक सेक्युलर देश है और देश की बहुसंख्यक जनता देश के सेकुलर ताने-बाने को पसंद करती है । आपकी जानकारी के लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का नाम लिया जा सकता है । जिनको मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता था और भारत के महान वैज्ञानिकों में उनका नाम है और वे देश के राष्ट्रपति भी रहे। इनके अलावा डॉ. जाकिर हुसैन (मुस्लिम) 1967-1969 तक देश के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति रहे । डॉ. मनमोहन सिंह (सिख) जो 2004 से 2014 तक देश के लगातार दो बार प्रधानमंत्री रहे । भारत की अर्थ-व्यवस्था को उदारीकरण की दिशा में ले जाने वाले प्रमुख अर्थ-शास्त्री थे। मारग्रेट अल्वा (इसाई) गोवा की राज्यपाल रही, धर्म ईसाई था। इनके अलावा जेआरडी टाटा को सभी जानते हैं । टाटा पारसी धर्म के व्यक्ति थे और भारत की औद्योगिक क्रांति में उनका बड़ा योगदान है । इसी तरह सेना, विजिलेंस, खेल, शिक्षा, राजनीति में भी बड़ी संख्या में हिंदुओं के अलावा दूसरे धर्मों के लोग हैं, जो उच्च स्तर और उच्च पदों तक पहुंचे हैं । इसलिए कहा जा सकता है कि भारत में भी कोई योग्य, बुद्धिमान, मेहनती और भारत के हित की बात करने वाला व्यक्ति भी विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, जज, वैज्ञानिक, खिलाड़ी और बिजनेसमैन बन सकता है। देश में वर्तमान सरकार का चेहरा देश का चेहरा नहीं है । देश में भाजपा चुनाव जीत कर सत्ता संभाल रही है । भाजपा की विचारधारा देश की विचारधारा से कुछ अलग हो सकती है, लेकिन देश के लिए योगदान देने वालों को वह रोक नहीं सकती है ।

## मुस्लिम मतदाता निर्णायक होंगे बिहार चुनाव में

*-18 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता यदि बटता है तो एनडीए की, नहीं बटा तो इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी बिहार प्रदेश में*
*-एआईएमआईएम की 5-10 विधानसभा सीट जीतने की संभावना*





जयपुर (रॉयल पत्रिका)। बिहार विधानसभा का दूसरा चरण 11 नवंबर को संपन्न हो जाएंगे। बिहार में इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर है। 14 नवंबर को बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। बिहार विधानसभा में किसकी सरकार बनेगी इसकी चर्चा जोरों से देश में हो रही है। ज्यादातर सर्वेक्षणों में एनडीए यानी भाजपा-नीतीश गठबंधन की सरकार बनती दिखाई दे रही है। इंडिया गठबंधन एक बार फिर बिहार की सत्ता से वंचित रह सकता है। इसके अलावा इसका मुख्य कारण है कि इंडिया गठबंधन का कोर वोटर एम वाई बटता नजर आ रहा है। यदि एम वाई समीकरण मजबूत बना रहा तो सभी समीकरण झूठे साबित हो सकते हैं। बिहार में मुस्लिम, यादव मतदाताओं की बिहार में करीब 35 प्रतिशत जनसंख्या है। बिहार का मुस्लिम वर्ग इंडिया गठबंधन, एआईएमआईएम पार्टी एवं जन स्वराज पार्टी में बटता नजर आ रहा है। मुस्लिम वोटरों का बंटवारा सीधे तौर पर भाजपा गठबंधन को फायदा पहुंचा रहा है। जन स्वराज पार्टी को मुस्लिम युवाओं का कुछ संख्या में समर्थन मिल रहा है। बिहार विधानसभा की स्थिति को देखते हुए लगता है की जन स्वराज पार्टी को यदि मुस्लिम वर्ग का समर्थन मिलना भी इंडिया गठबंधन को बड़ा नुकसान माना जाएगा। बिहार का मुस्लिम वर्ग कितना बटता है और कितना मजबूत रहता है यह अभी कहना आसान नहीं है। लेकिन 14 नवंबर को विधानसभा चुनाव परिणाम के दिन इसकी पूरी जानकारी मिल जाएगी।

**एआईएमआईएम को मिल सकती है 5-10 विधानसभा सीट-**

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार सरकार बनने का दारोमदार मुस्लिम वोटरों पर निर्भर है। मुस्लिम वोटर और मुस्लिम वर्ग कितना जागरूक हुआ है इसकी झलक बिहार विधानसभा में मिलने वाली है। सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी बिहार के करीब 24 मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर चुनावी मैदान में है। इन सीटों पर मुसलमानो की संख्या 30- 70 प्रतिशत तक है। ओवैसी ने अपना चुनाव प्रचार इन्हीं सीटों तक सीमित रखा है। ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ किसी बड़ी पार्टी ने गठबंधन नहीं किया है। इंडिया गठबंधन को सबसे ज्यादा नुकसान ओवैसी की पार्टी से होने वाला है। ओवैसी की पार्टी का मुख्य मुकाबला कांग्रेस और राजद उम्मीदवारों से हैं। जिसका सीधा फायदा भाजपा गठबंधन को होगा। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी एवं राजद के देशभर के मुस्लिम नेता ओवैसी की पार्टी के उम्मीदवारों को हराने के लिए बिहार जाकर जोर लगा रहे हैं। देशभर के मुस्लिम राजनेता ओवैसी को अपने राजनीतिक कैरियर के लिए खतरा मानते हैं। यही कारण है कि मुस्लिम नेता बिहार जाकर ओवैसी की पार्टी के उम्मीदवारों को हराने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि यदि ओवैसी की पार्टी बिहार में मजबूत होती है तो देश के मुस्लिम लीडरों को राजनीति करना मुश्किल हो सकता है। इसलिए मुस्लिम लीडरों की इच्छा हो सकती है कि ओवैसी के उम्मीदवार नहीं जीते चाहे भाजपा उम्मीदवार जीत जाएं।

## बिहार में लाल झंडे की आड़ में नक्सलवाद लाने की हो रही कोशिश: गृह मंत्री अमित शाह



पटना। बिहार विधानसभा के प्रचार के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अरवल में चुनावी सभा को संबोधित किया और उन्होंने लोगों को सचेत किया कि बिहार में लाल झंडे की आड़ में नक्सलवाद लाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी ने बिहार में नक्सलवाद और जंगलराज को समाप्त कर दिया है। अब किसी की हिम्मत नहीं है कि बिहार में फिरौती, खून-खराबा, अपहरण और नक्सलवाद को फिर से फैलाए।

**अमित शाह ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार उद्योग-धंधे लाने को लेकर काम कर रही है**

अमित शाह ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार उद्योग-धंधे लाने को लेकर काम कर रही है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि इन लाल झंडे वाले 'माले' वालों को अरवल में ही रोक लें, ताकि यह पटना नहीं पहुंच पाए। यदि लाल झंडा आया तो ये उद्योग कभी नहीं आने देंगे।

**पहले ही चरण में लालू की पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया, एनडीए की सरकार बनना तय है**

अमित शाह ने एनडीए की फिर से सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि बिहार में पहले चरण का चुनाव समाप्त हो चुका है। पहले ही चरण में लालू की पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया।

पहले चरण में तय हो चुका है कि बिहार में एनडीए की सरकार बनने वाली है। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि राहुल गांधी कभी 15 दिन तक शरीर पर धूल नहीं लगने देते, लेकिन फिर भी उन्होंने घुसपैठियों के लिए बिहार में यात्रा निकाली है।

**घुसपैठिए युवाओं की नौकरियां छीनते हैं, गरीबों के हिस्से में सेंध लगाते हैं और देश को भी असुरक्षित करते हैं**

उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिए युवाओं की नौकरियां छीनते हैं, गरीबों के हिस्से में सेंध लगाते हैं और देश को भी असुरक्षित करते हैं। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या यहां घुसपैठिए रहने चाहिए? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को जितनी यात्रा निकालनी है बिहार से लेकर इटली तक निकाल लें, लेकिन यहां से एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकाला जाएगा।

**बाबा साहेब जब तक जिंदा रहे, तब तक कांग्रेस ने उनका विरोध किया**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस पर बाबा साहेब का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बाबा साहेब का नाम इनके लिए वोट बटोरने का नाम है जबकि हमारे लिए यह श्रद्धा है। बाबा साहेब जब तक जिंदा रहे, तब तक कांग्रेस ने उनका विरोध किया। उन्हें भारत रत्न तब मिला, जब कांग्रेस सत्ता से बाहर गई। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने बाबू जगजीवन राम का भी अपमान किया, उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया।

शेष पृष्ठ 2 पर....

## गाजा में स्थायी युद्ध विराम के लिए मिस्र और कतर की कूटनीतिक कोशिशें तेज

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति योजना के तहत गाजा पट्टी और इजरायल के बीच युद्ध विराम के बाद गाजा में शुरुआती पुनर्निर्माण और राहत कार्यों को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने की कोशिशें जारी हैं। इस बीचगाजा पट्टी में युद्धविराम को मजबूत करने और स्थायी शांति की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती और कतर के प्रधानमंत्री व विदेशमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी ने बातचीत की।

**दोनों नेताओं ने इजरायल द्वारा किए जा रहे सभी अवैध बस्तियों के विस्तार और लगातार हो रहे उल्लंघनों की निंदा की**

दोनों नेताओं ने इस दिशा में मिलकर काम जारी रखने का संकल्प जताया। साथ ही वेस्ट बैंक की स्थिति पर चिंता जताई। दोनों नेताओं ने इजरायल द्वारा किए जा रहे सभी अवैध बस्तियों के विस्तार और लगातार हो रहे उल्लंघनों की निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम शांति की संभावनाओं को कमजोर करते हैं और तनाव को बढ़ाते हैं।

**फिलिस्तीनी जनता को अपने मामलों का संचालन स्वयं करना चाहिए और निर्णय लेने की प्रक्रिया में एकता बनाए रखनी चाहिए**

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मिस्र के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान का हवाला देते हुए कहा कि फोन पर बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने गाजा को लेकर चल रही ताजा राजनीतिक हलचलों और अमेरिकी राष्ट्रपति की शांति योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने जोर दिया कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी के बीच एकता बनाए रखना बेहद जरूरी है ताकि फिलिस्तीनी क्षेत्रों की भौगोलिक और राजनीतिक अखंडता बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी जनता को अपने मामलों का संचालन स्वयं करना चाहिए और निर्णय लेने की प्रक्रिया में एकता बनाए रखनी चाहिए।

**बातचीत के दौरान गाजा में अंतरराष्ट्रीय बलों की तैनाती को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चल रही परामर्श प्रक्रिया पर भी विचार किया गया**

बातचीत के दौरान गाजा में अंतरराष्ट्रीय बलों की तैनाती को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चल रही परामर्श प्रक्रिया पर भी विचार किया गया। मिस्र और कतर दोनों ने इस बात पर सहमति जताई कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय बल की भूमिका और अधिकार स्पष्ट रूप से तय होने चाहिए ताकि गाजा में शुरुआती पुनर्निर्माण और राहत कार्य प्रभावी रूप से आगे बढ़ सकें।

**ट्रंप की शांति योजना के तहत गाजा की सुरक्षा इजरायली सेना से हटाकर अंतरराष्ट्रीय बल को सौंपी जाएगी**

इजरायल और हमास के बीच दो साल से जारी संघर्ष के बाद 10 अक्टूबर को युद्ध विराम पर सहमति बनी थी। इस बहुप्रतीक्षित समझौते में मिस्र, कतर, तुर्की और अमेरिका ने मध्यस्थता की भूमिका निभाई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रस्तावित शांति योजना के अनुसार, गाजा में सुरक्षा की जिम्मेदारी धीरे-धीरे इजरायली सेना को हटाकर एक अस्थायी अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल को सौंपी जाएगी। वाशिंगटन इस बल में मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, इंडोनेशिया, तुर्की और अजरबैजान जैसे देशों की भागीदारी को लेकर चर्चा कर रहा है।

## श्रमिकों की गरिमा, सुरक्षा और समावेशी विकास हो सुनिश्चित- भजनलाल शर्मा

*-राज्य सरकार जीवन के हर पड़ाव पर श्रमिकों के साथ - विगत 2 वर्षों में 7 लाख 20 हजार से अधिक श्रमिकों को 804 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता*



जयपुर । श्रमिक वर्ग किसी भी देश या प्रदेश के विकास में विश्वकर्मा की भूमिका निभाता है। उनके कठोर परिश्रम से ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का ढांचा तैयार होता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मानना है कि श्रमिकों की सुरक्षा और उनका गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। इसी लक्ष्य के तहत वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के माध्यम से विगत 2 वर्षों में ही 7 लाख 20 हजार से अधिक पात्र श्रमिकों को 804 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी जा चुकी है। विभिन्न राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में 555 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को डीबीटी के माध्यम से दी गयी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में श्रमिक कल्याण की विभिन्न योजनाओं का सुचारू संचालन किया जा रहा है। केवल श्रमिक ही नहीं बल्कि उसके परिवार की गरिमा और सुरक्षा का ध्यान भी राज्य सरकार रख रही है। श्रमिकों के बच्चों के जन्म से लेकर पढ़ाई, विवाह व बीमारी में भी प्रदेश सरकार मजबूती से उनके साथ खड़ी है।

**शिक्षा व कौशल विकास योजना से लाखों श्रमिक परिवार हुए लाभान्वित**

राज्य सरकार द्वारा संचालित निर्माण श्रमिक शिक्षा व कौशल विकास योजना में निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा व कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छात्रवृत्ति दी जाती है। इसके तहत कक्षा 6 से आगे की पढाई के लिए 8 हजार रूपये से लेकर 25 हजार रुपए तक की छात्रवृत्ति दी जाती है। साथ ही 8 वीं कक्षा से आगे अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं को 4 हजार रूपये से लेकर 35 हजार रूपये तक की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाती है। विगत 2 वर्षों में इस योजना के तहत करीब 6 लाख 90 हजार 612 श्रमिकों को 743 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी जा चुकी है।

**महिला श्रमिकों को आत्मनिर्भर बना रही प्रदेश सरकार की योजनाएं**

राज्य में संचालित 'प्रसूति सहायता योजना' के अन्तर्गत पंजीकृत महिला श्रमिक अथवा श्रमिक की पत्नी के प्रसव पर पुत्र जन्म पर 20 हजार और पुत्री के जन्म पर 21 हजार रुपए दिए जाते हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 10 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को 5 करोड़ 54 लाख 30 हजार रुपए की सहायता दी गयी है। साथ ही सामान्य मृत्यु या दुर्घटना में घायल व मृत्यु से प्रभावित परिवार को 5 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता की जाती है। इस योजना के तहत पिछले दो वर्षों में 5 हजार से अधिक परिवारों को लगभग 52 करोड़ 50 लाख रूपये की सहायता दी गयी है।

**प्रदेश सरकार उपलब्ध करा रही टूलकिट**

श्रमिकों के औजार उनके हाथों का श्रृंगार होते हैं जिनसे वे महीन नक्काशी से लेकर गगन चुम्बी इमारतों का निर्माण करते हैं। राज्य सरकार निर्माण श्रमिकों को टूलकिट सहायता योजना के तहत औजार खरीदने पर 2000 रुपए तक की मदद भी दे रही है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 13 हजार 691 श्रमिकों को 2 करोड़ 73 लाख रूपए से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

शेष पृष्ठ 2 पर....

## पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने 'वंदे मातरम्' पर भाजपा को घेरा



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 7 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर 'वंदे मातरम्' को लेकर तीखा हमला बोला है। जयपुर के सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में गहलोत ने कहा कि भाजपा वंदे मातरम् की विरासत को लेकर लड़ रही है। पूर्व सीएम ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे (भाजपा) राष्ट्रवाद और वंदे मातरम् जैसे मुद्दों पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस का इतिहास और विरासत इन सब से कहीं बढ़कर है। गहलोत ने यह बातें आज अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर अपनी राय रखते हुए भाजपा की नीतियों की आलोचना की।



# कालाडेरा में शहरी सलाहकार समिति में तीन सदस्यों का हुआ मनोनयन







चौमूँ (रॉयल पत्रिका)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले विभाग राजस्थान सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति (शहरी स्तरीय समिति) नगरपालिका कालाडेरा में ग़ैर सरकारी सदस्यों के मनोनयन पर सुशील शर्मा निवासी छीपो का मोहल्ला, कालाडेरा, कैलाश चंद कुमावत निवासी वार्ड नंबर 3 कालाडेरा और रजनी देवी निवासी कालाडेरा को मनोनीत किया गया है। सलाहकार समिति में मनोनीत सदस्यों को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शहर के प्रवेश द्वार पर कूड़े अंबार, आमजन के जीवन के साथ हो रहा खिलवाड़

**-काला गौरा भैरव मंदिर स्थित है, रणथंभोर के पर्यटकों की आवाजाही भी बनी रहती है**



शादाब अली

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर नगर परिषद की अनदेखी ओर तानाशाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। नगर परिषद द्वारा सवाई माधोपुर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का हवाला दिया जाता है। लेकिन सफाई के बाद एकत्रित कचरे ओर अपशिष्ट पदार्थ का निस्तारण उचित स्थान पर ना करके उस जगह किया जा रहा है। जहां शहर का प्रवेश द्वार है। नगर परिषद की उदासीनता के कारण कचरे को मुख्य मार्ग पर ही डाल दिया जाता है। आने जाने वाले राहगीरों को दुर्गंध एवं बीमारियों का सामना करना पड़ता है। नगर परिषद द्वारा जिस जगह कचरे का निस्तारण किया जा रहा है। उस जगह हिंदुस्तान पेट्रोलियम का पेट्रोल पंप भी स्थित है। जहां कुछ दिनों पहले कई बार आग लगने का मामला सामने आ चुका हे पंप के कर्मचारियों व आस पड़ोस वालों ने आग पर काबू पा लिया व बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। शिकायत की आम जनता द्वारा बार बार मांग करने के बावजूद नगर परिषद द्वारा कोई हल नहीं निकाला जा रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर शहर को दूषित किया जा रहा है।

# राजकुमार इन्द्रेश "मुंशी प्रेमचन्द समर्पण समाज गौरव 2025" अवार्ड से सम्मानित



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। अंतर्राष्ट्रीय समर्पण संस्था जयपुर के तत्वावधान में रविवार को सियाम ऑडिटोरियम, राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, दुर्गापुरा (जयपुर) में आयोजित होने वाले समारोह में साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर चौमूं तहसील के ग्राम खेजरोली निवासी साहित्यकार व प्रधानाचार्य राजकुमार इन्द्रेश "मुंशी प्रेमचन्द समर्पण समाज गौरव 2025" अवार्ड से सम्मानित

## ग़ज़ल

जी को किसी के जी में डाला नहीं जाता
है दिल अकेला अब संभाला नहीं जाता
तुम्हारे प्यार का फैला है उजियारा नहीं जाता
मेरी सरकार हो के हुक्म भी टाला नहीं जाता
तुम्हारी याद का बिखरा ये अटाला नहीं जाता
मेरे घर से निकम्मा मेरा साला नहीं जाता
मेरी तरकीब कोई भी सफल हो नहीं पाती
कभी कांटा नहीं जाता कभी छाला नहीं जाता
सखी तुमसे कहा तो है सबर से काम लेना है
रुके रहना है जब तक ये घरवाला नहीं जाता

-फ़ज़लुर्रहमान


## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

**रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।**

Scan Here

-संपादक



## सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।


# कोढ़ा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी पूनम पासवान के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

**-इंडिया गठबंधन के पक्ष में बिहार की जनता का जबरदस्त रुझान- सलमान रंगरेज**



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा राजस्थान से भेजे गए पर्यवेक्षक सलमान रंगरेज इन दिनों राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के साथ मिलकर कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में डोर-टू-डोर प्रचार और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। पर्यवेक्षक सलमान रंगरेज ने बताया कि कोढ़ा विधानसभा से इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी पूनम पासवान मैदान में हैं, जिनके समर्थन में जनता का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कोढ़ा सहित पूरे कटिहार जिले में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के पक्ष में जबरदस्त रुझान है। जनसभाओं में उमड़ रही भारी भीड़ और जनता का बढ़ता उत्साह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बिहार में इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। रंगरेज ने विश्वास जताया कि कांग्रेस प्रत्याशी पूनम पासवान को जनता का आशीर्वाद मिलेगा और कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र से एक नई राजनीतिक शुरुआत होगी जो विकास, समानता और सद्भाव का संदेश देगी।

# गंगापुर सिटी में शिफा डायग्नोस्टिक एंड फार्मेसी का हुआ शुभारंभ



गंगापुर सिटी (रॉयल पत्रिका)। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में आज एक और अहम कदम उठाया गया। शहर के व्यस्ततम चूली गेट के पास 'शिफा डायग्नोस्टिक एंड फार्मेसी' का 9 नवम्बर को भव्य शुभारंभ किया गया। इस उद्घाटन समारोह में चिकित्सा जगत की जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हरी सिंह मीणा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि का स्थान डॉ. एस. के. खान ने संभाला। दोनों सम्मानित अतिथियों ने रिबन काटकर सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया और फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर, सेंटर के निदेशक अब्दुल सलाम ने जानकारी देते हुए बताया कि 'शिफा डायग्नोस्टिक' का मुख्य उद्देश्य गंगापुर सिटी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को एक ही छत के नीचे आधुनिक जांच सुविधाएं और किफायती दरों पर दवाइयां उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस सेंटर पर आधुनिक उपकरणों के जरिए सटीक जांच और बेहतर स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा दी जाएगी, ताकि लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. हरी सिंह मीणा ने इस नई पहल की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि जब भी कोई नई संस्था खुलती है, तो इससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा (Healthy Competition) का माहौल बनता है, और प्रतिस्पर्धा हमेशा सेवाओं की गुणवत्ता (Quality) को बढ़ाती है। उन्होंने इसे विशेषकर ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए एक सकारात्मक कदम बताया, जिससे गांव के लोगों को भी अच्छे डॉक्टरों की सलाह और बेहतर इलाज मिल सकेगा। वहीं, विशिष्ट अतिथि डॉ. एस. के. खान ने इसे गंगापुर शहर की प्रगति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह आम आदमी को 'सस्ती और बढ़िया चिकित्सा' मुहैया कराने की दिशा में एक शानदार प्रयास है। उन्होंने 'शिफा फार्मेसी' की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह सेंटर गंगापुर की तरक्की में एक मील का पत्थर साबित होगा। शुभारंभ समारोह के दौरान, निदेशक अब्दुल सलाम और उनकी टीम ने सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से माला, साफा पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत और सम्मान किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में शहर के कई अन्य गणमान्य नागरिक, चिकित्सक, समाजसेवी और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उम्मीद है कि इस नई फार्मेसी और डायग्नोस्टिक सेंटर के खुलने से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक बेहतर और किफायती विकल्प मिल सकेगा।

# "ऑपरेशन हंता" के तहत दो आरोपी गिरफ्तार



हिंडौन सिटी (रॉयल पत्रिका)। जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान "हंता" के तहत हिंडौन सिटी कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैर इरादतन हत्या के प्रयास (Attempt to Culpable Homicide) के एक मामले में पिछले दो महीने से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## पृष्ठ एक का शेष....

# बिहार में लाल झंडे की आड़ में नक्सलवाद लाने की......

**एनडीए की सरकार आने पर सड़कें और बिजली आती हैं, जबकि महागठबंधन के आने पर नरसंहार और खून-खराबा होता है**

उन्होंने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं के खाते में अभी 10 हजार रुपए भेजे गए, लेकिन राजद वाले कहते हैं कि इसे वापस ले लिया जाएगा, जबकि वे जान लें, यह राशि कोई वापस नहीं ले सकता। अगले कुछ दिनों में इन्हें दो लाख रुपए और दिए जाएंगे। उन्होंने जहां अयोध्या में भव्य राम मंदिर की चर्चा की, वहीं उन्होंने सीतामढ़ी में मां जानकी की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार आने पर सड़कें और बिजली आती हैं, जबकि महागठबंधन के आने पर नरसंहार और खून-खराबा होता है।

## पृष्ठ एक का शेष....

# श्रमिकों की गरिमा, सुरक्षा और समावेशी विकास हो......

**प्रदेश सरकार ने किया श्रमिकों का जीवन व भविष्य सुरक्षित**

श्रमिक वर्ग जीवनपर्यंत कड़ी मेहनत और लगन से देश के विकास की बुनियाद और भविष्य बनाते हैं। राज्य सरकार ने भी उनके जीवन को सुरक्षित और सुलभ बनाने का संकल्प लिया है। इसी दिशा में श्रमिकों के लिए संचालित निर्माण श्रमिक जीवन व भविष्य सुरक्षा योजना में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना से उन्हें लाभान्वित करने के लिए उनके अंशदान का आंशिक व पूर्ण पुनर्भरण किया जाता है।

**प्रशासनिक सेवाओं में सफलता पर दी जा रही प्रोत्साहन राशि**

श्रमिकों के जीवन व सामाजिक स्तर में सुधार के लिए राज्य सरकार ने उनके पूरे परिवार को आत्मनिर्भर बनाने का प्रण लिया है। इसी उद्देश्य से उनके बच्चों को भारतीय प्रशासनिक सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक लाख तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना के तहत विगत दो वर्षों में 80 लोगों को 40 लाख रुपए की सहायता दी जा चुकी है। साथ ही आईटी आईआईएम में प्रवेश मिलने पर भी ट्यूशन फीस का पुनर्भरण सरकार द्वारा किया जाता है। श्रमिकों एवं उनके बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए भी राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता योजना संचालित की है। इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने पर 2 लाख, कांस्य पदक जीतने पर 5 लाख, रजत पदक हासिल करने पर 8 लाख और स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर 11 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। विगत 2 वर्षों में इन योजनाओं में अभूतपूर्व कार्य कर श्रमिकों के जीवन के हर पड़ाव पर उनका साथ दिया जा रहा है।

# सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया "मदर टेरेसा समर्पण समाज गौरव 2025" अवार्ड से सम्मानित




चौमूं (रॉयल पत्रिका)। मानवता व परोपकार के लिए समर्पित राजस्थान की अग्रणी समर्पण संस्था जयपुर द्वारा रविवार को 10वां राष्ट्र स्तरीय "समर्पण समाज गौरव 2025" अवार्ड समारोह राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, दुर्गापुरा के सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। समारोह में राजस्थान के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा, युवा मामले और खेल विभाग, राजस्थान सरकार के शासन सचिव व राजस्थान राज्य खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन, पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त व समर्पण संस्था के प्रधान मुख्य सलाहकार अनिल कुमार जैन, समर्पण संस्था के प्रधान मुख्य संरक्षक व मानव मिलन संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद चौरडिया जैन, परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति के मुख्य संरक्षक व वरिष्ठ समासेवी आर.के. अग्रवाल, आईसीआईसीआई बैंक के सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक रामावतार माहेश्वरी, हिमालया रियल एस्टेट, चित्तौड़गढ़ के निदेशक राज कुमार बैरवा, कृष्णा कन्स्ट्रक्शन कम्पनी के प्रोपराइटर मदन लाल वर्मा, रेल विभाग के मुख्य कार्यालय अधीक्षक, लेखिका, कवयित्री पूर्णिमा पाठक शर्मा, फ्यूचरवाइस आईटी सॉल्यूशंस, दुबई यूएई के निदेशक विजेन्द्र कुमार मीना, व्यवसायी किशोरी लाल बैरवा, निरंकारी कन्स्ट्रक्शन्स प्रोपराइटर कमलेश बैरवा, रिम्मु फाउंडेशन के संस्थापक व अपना घर आश्रम जामडोली के सचिव रिम्मु खण्डेलवाल, समर्पण संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या, संस्था के सचिव कमल नयन खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, उपाध्यक्ष बनवारी लाल मेहरड़ा आदि अतिथियों ने समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर चौमूं तहसील के ग्राम टांकरड़ा निवासी व बलाई विकास समिति, जयपुर (मुख्यालय-चौमूं) के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया को दुपट्टा, साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं "मदर टेरेसा समर्पण समाज गौरव 2025" अवार्ड से सम्मानित किया। हरसोलिया को "मदर टेरेसा समर्पण समाज गौरव 2025" अवार्ड मिलने पर सभी समाज बंधुओं ने हर्ष जताया।

# 2000 का इनामी बदमाश गिरफ्तार, पुलिसकर्मी बनकर बुजुर्गों को लूटता था




करौली (रॉयल पत्रिका)। जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में नादौती थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। यह बदमाश खुद को पुलिसकर्मी बताकर बुजुर्ग राहगीरों से लूटपाट करता था। आरोपी पर 2000 रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस ने इस अपराधी को पकड़ने के लिए 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की। 6 नवंबर को थानाधिकारी वीरसिंह की टीम ने नाकाबंदी के दौरान आंधिया खेड़ा व मोहनपुरा तालाब के पास से अभियुक्त सतवीर सिंह उर्फ वीरू (27 वर्ष) को गिरफ्तार किया। आरोपी करौली के कंजौली, थाना बालघाट का निवासी है। पुलिस के अनुसार, सतवीर पुलिसकर्मी जैसी कटिंग और हाव-भाव बनाकर, हेलमेट पहनकर बिना नंबरी बाइक चलाता था। वह 50 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग और कम पढ़े-लिखे लोगों को सुनसान रास्ते पर रोकता था। वह उन पर स्मैक का धंधा करने का झूठा आरोप लगाकर तलाशी लेता और तलाशी में मिले सारे पैसे लेकर, 'थाने पर आने' की बात कहकर, अपनी बाइक से तेजी से फरार हो जाता था। पुलिस ने बताया कि इस इनामी बदमाश की गिरफ्तारी से लूट की करीब आधा दर्जन वारदातों का खुलासा हुआ है।

# सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक, कलेक्टर-एसपी ने दिए सख्त निर्देश



करौली (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में बढ़ते सड़क हादसों और उनमें हुई मौतों को लेकर सरकार द्वारा दिखाई गई सख्ती के बाद, करौली जिला प्रशासन भी एक्शन मोड में आ गया है। सरकार के आदेश पर 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर शुक्रवार को जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना और पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि अभियान के दौरान किसी भी विभाग के काम में कमी पाई गई तो संबंधित विभाग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने तत्काल प्रभाव से ओवरस्पीड के बार-बार चालान होने पर वाहन चालक का लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट को शीघ्र ठीक करवाने और राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर बने अवैध कट को तुरंत बंद करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा, हाईवे पर अवैध ढाबों व पार्किंग के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने और तय स्थानों के अलावा अन्य जगह वाहन रोकने वाले चालकों पर चालान की कार्यवाही करने के आदेश दिए गए। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि दुर्घटना होने पर घायलों को तत्काल एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया जाए। उन्होंने आगामी 15 नवंबर से 15 फरवरी तक ट्रक चालकों की आंखों की जांच करने का भी निर्देश दिया। परिवहन विभाग को आदेश देते हुए उन्होंने कहा कि वाहन चालकों से ओवरटाइम ड्राइविंग करवाने पर ट्रांसपोर्ट कंपनियों की जिम्मेदारी तय कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। आगामी सर्दी और कोहरे के मौसम को देखते हुए, कलेक्टर ने जरूरी स्थानों पर रिफलक्टर्स लगाने और सड़क किनारे पेड़ों व झाड़ियों की कटाई करने का भी निर्देश दिया। सार्वजनिक निर्माण विभाग को व्यस्ततम राज्य राजमार्गों पर अवैध कटों पर रेलिंग लगाने के लिए कहा गया है। बैठक में हाईवे पर गलत दिशा से आने वाले वाहनों पर कठोरतम कार्रवाई करने, नो एंट्री जोन में भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती बरतने और इंटरसेप्टर तैनात कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, पैदलयात्री मार्गों से अतिक्रमण हटाने, नए लाइसेंस बनाने व नवीनीकरण में नियमों की पालना सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले नागरिकों को सम्मानित करने पर भी जोर दिया गया। इस मौके पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण SIR के संबंध में नगर निगम ग्रेटर में आयोजित की गई कार्यशाला

**-नगर निगम मुख्यालय पर स्थापित की गई SIR हेल्पडैस्क**



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के सभासद भवन में शुक्रवार को SIR (Special Intensive Revision) (विशेष गहन पुनरीक्षण) के तहत महापौर, चेयरमैन, पार्षद की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए तथा इस संबंध में जागरूकता के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्रेटर व हैरिटेज के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में SIR के महत्वपूर्ण बिन्दुओं से मास्टर ट्रेनर ने अवगत कराया। साथ ही कार्यशाला में SIR की प्रमुख प्रक्रियाएँ, चरण समझाए गए। इस अवसर पर महापौर डॉ॰ सौम्या गुर्जर, उपायुक्त सीमा चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। कार्यशाला पश्चात् ग्रेटर व हैरिटेज के जनप्रतिनिधियों की ग्रुप फोटो भी ली गई। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ॰ गौरव सैनी ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत जिला स्तरीय SIR हेल्पडैस्क स्थापित की गई है। जिसके माध्यम से आमजन को SIR के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जायेंगी।

# नगर निगम में पार्षदों का शासन समाप्त

## -नगर निगम अधिकारी करवाएंगे जनता के काम

**एम खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम जयपुर ग्रेटर और हेरिटेज में शुक्रवार 8 नवंबर को पार्षदों का शासन समाप्त हो गया यानी पार्षदों एवं महापौर का 5 वर्षीय कार्यकाल समाप्त हो गया। नगर निगम में जनता का काम अब नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा किया जाएगा। बिना पार्षदों के जयपुर शहर के वार्डों में सफाई, सीवर, सड़क, मरम्मत एवं गंदी नालियों का काम कैसा होगा आने वाला समय बताएगा। वैसे माना जा रहा है कि नगर निगम के कार्यों पर पार्षदों के नहीं होने का ज्यादा असर नहीं पड़ेगा क्योंकि नगर निगम में सक्षम अधिकारी हैं जो पार्षदों की राजनीति के सामने दबाव में रहते थे, जबकि अब आसानी से कार्य करवा सकेंगे। वैसे पार्षद जनता के छोटे-छोटे कार्य जैसे राशन कार्ड संशोधन, मूल निवास प्रमाण पत्र, आरटीई आवेदन और पुलिस सत्यापन आदि करवाने में मदद करते थे। लेकिन अब जनता को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

**अधिकारी करवाएंगे जनता का काम-**

जयपुर नगर निगम वैसे तो सफाई व्यवस्था एवं सड़क मरम्मत सहित अन्य विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के लिए बदनाम है। लेकिन जहां जागरूक जनता एवं पढ़े लिखे नागरिक रहते हैं वहां नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारी ठीक-ठाक काम करते नजर आते हैं। जैसे सी-स्कीम, सिविल लाइन, मालवीय नगर, सांगानेर, विद्याधर नगर एवं वैशाली नगर आदि। दूसरी तरफ जयपुर शहर के चार दिवारी क्षेत्र कच्ची बस्ती एवं अल्पसंख्यक वर्ग, बाहुल्य क्षेत्र जहां कम पढ़े-लिखी जनता रहती है। जहां सफाई, सीवर एवं सड़क की समस्या होने के बाद भी पीड़ित नागरिकों के द्वारा लिखित शिकायत सक्षम अधिकारियों से नहीं की जाती है। ऐसे क्षेत्रों में निगम कर्मचारी और अधिकारी काम नहीं करवाते हैं क्योंकि यहां के काम लोग पार्षदों से मौखिक रूप से शिकायत करते हैं। अब जबकि पार्षद नहीं है तो नागरिक किसी से शिकायत भी नहीं



कर पाएंगे और गंदगी, सीवर, टूटी-फूटी सड़कों एवं अतिक्रमण की समस्या बढ़ सकती है।

**क्या करना चाहिए-**

नगर निगम जयपुर के नागरिकों को अब थोड़ा सचेत होने की जरूरत है। क्योंकि सरकार में जितने भी कर्मचारी एवं अधिकारी हैं सब के सब जनता की सेवा एवं जनता के कार्यों के लिए हैं। उनकी जिम्मेदारी है कि जनता की समस्याओं का तत्परता से समाधान करें। यदि कोई भी कर्मचारी एवं अधिकारी आपकी सफाई, सीवर, बिजली, अतिक्रमण, पानी एवं अन्य कोई समस्या का समाधान नहीं करता है तो मुख्यमंत्री का संपर्क पोर्टल पर शिकायत की जा सकती है। इस संपर्क पोर्टल पर शिकायत करने के लिए अपने मोबाइल से 181 पर डायल करके शिकायत दर्ज होती है। इसके अलावा 2607500, 2747400 (कचरा गाड़ी, सीवरेज) 14420 (टोल फ्री) नंबर पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। अधिकारी और कर्मचारी यदि काम नहीं करते हैं और आप उनकी शिकायत करते हैं तो सरकार उनके खिलाफ कार्यवाही कर सकती है। यदि बार-बार शिकायत करने पर भी सरकारी अधिकारी और कर्मचारी आपकी शिकायत पर ध्यान नहीं देते हैं तो सरकार उनको हटा भी सकती और आपकी समस्या का समाधान अन्य तरीके से करवा सकती है।

# एपीसीआर ने एसआईआर पर कानूनी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (APCR), राजस्थान चैप्टर की ओर से "विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision)" विषय पर एक कानूनी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन एक होटल में किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव APCR नदीम खान रहे। उन्होंने नागरिक अधिकारों की रक्षा, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और विलोपन की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव होते हैं। विशिष्ट अतिथि राहुल शास्त्री राष्ट्रीय सचिव भारत जोड़ो अभियान जिन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित कानूनी पहलुओं और नागरिक अधिकारों की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि निशा सिद्धू राष्ट्रीय सचिव NFIW जिन्होंने जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मतदाता सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल दिया।




कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन भाषण से एडवोकेट सैयद सआदतअली अध्यक्ष APCR राजस्थान ने की। कार्यक्रम का संचालन मुजम्मिल रिज़वी महासचिव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन एडवोकेट मोहम्मद इकबाल के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में APCR राजस्थान चैप्टर की ओर से राज्य में आगामी कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इसमें प्रत्येक जिले में कानूनी जागरूकता शिविर, युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम और मतदाता सूची सत्यापन अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। संगठन ने यह भी तय किया कि नागरिक अधिकारों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए राज्य स्तरीय हेल्पलाइन एवं लीगल एड नेटवर्क विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में जॉइंट सेक्रेटरी मुनाजिर इस्लाम, एग्जीक्यूटिव मेंबर रुखसाना उस्मान, असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर मोहम्मद आबिद खान, असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर रब्बे कुमा खान, भारत जोड़ो अभियान राजस्थान के संयोजक रमन यादव, जयपुर यूनिट एपीसीआर के सचिव मोहम्मद अंसार, सरवर खान मेंबर राजस्थान मुस्लिम फॉरम, अंकुश गाबा आदि गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

# भिश्ती समाज ने की वक्फ बोर्ड चैयरमेन से मुलाक़ात



जयपुर (रॉयल पत्रिका) । जयपुर भिश्ती समाज की सभी पंचायतों के पटेलों, बुजुर्गों व कई संस्थाओं ने एक साथ सँयुक्त रूप से मंगलवार 4 नवम्बर को वक्फ बोर्ड चैयरमेन खानु खान बुधवाली से मुलाकात की और भिश्ती समाज के उत्थान के लिए जमीन की मांग रखी। भिश्ती समाज के प्रवक्ता शरीफ खान अब्बासी ने बताया कि भिश्ती समाज के पास ना कोई स्कूल है, ना कोई हॉस्पिटल है, ना कोई सामुदायिक केंद्र है और ना ही कोई ऐसी ज़मीन है जिससे समाज का उत्थान किया जा सके। यदि भिश्ती समाज को ये ज़मीन आवंटित हो जाती है तो अन्य समाज की तरह भिश्ती समाज भी विकास की मुख्य धारा में आ सकेगा। इस मौके पर भिश्ती समाज फीलखाना पंचायत, फतेह टीबा पंचायत, मोटिबंगला पंचायत, बड़ी पंचायत, बीजवाड पंचायत, नाहरी का नाका पंचायत, मेम्बरान पंचायत के जिम्मेदार मौजूद रहे, साथ ही राजस्थान भिश्ती समाज विकास समिति, शेख जमीयतुल अब्बास भिश्ती, सक्का,अब्बासी संस्था व अखिल भारतीय अब्बासी वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे । सभी ने एक साथ एक पत्र पर संयुक्त ज्ञापन दिया और एकता का परिचय दिया।

# जयपुर में वकीलों का हंगामा थमा

## -चार सूत्रीय सहमति से खत्म हुआ चक्काजाम
## -अधिवक्ता से मारपीट पर बार एसोसिएशन सख्त, FIR व सस्पेंशन पर बनी सहमति



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर में अधिवक्ता देवेंद्र मीणा से मारपीट के बाद 6 नवंबर को राजधानी में वकीलों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। सड़क पर वकीलों ने प्रदर्शन,कर चक्काजाम कर दिया। बताया गया आदर्श नगर थाने में अधिवक्ता देवेंद्र मीणा के साथ हुई मारपीट के विरोध में जयपुर के वकीलों ने किया चक्काजाम। करीब 1 घंटे तक जाम रहा रास्ता। आखिरकार पुलिस प्रशासन को आना पड़ा हरकत में, डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद पहुंचे मौके पर और वकीलों से की लंबी बातचीत। जिसके बाद बनी चार सूत्रीय मांगों पर बनी सहमति। सहमति में अधिवक्ता की ओर से FIR दर्ज की जाएगी। परिवाद में नामजद पुलिसकर्मी सस्पेंड होंगे।जांच उच्च अधिकारी को सौंपी जाएगी।अगर किसी वकील के खिलाफ कोई मामला बनता है तो पहले बार एसोसिएशन को दी जाएगी जानकारी। उसके बाद ही होगी कार्रवाई। मनीष गगरानी, जनरल सेक्रेट्री – बार एसोसिएशन ने बताया "हमारे अधिवक्ता देवेंद्र मीणा को चार दिन तक थाने बुलाकर बैठाया गया, उनके साथ अभद्रता की गई और मारपीट तक हुई। इसी अन्याय के खिलाफ आज पूरा अधिवक्ता समुदाय एकजुट हुआ।" सहमति बनने के बाद वकीलों ने रास्ता खोला और ट्रैफिक व्यवस्था बहाल हुई।

# मंसूरी समाज का अधिवेशन कुचामन सिटी में आयोजित

## -हाजी सफी मोहम्मद मंसूरी ने की अधिवेशन की अध्यक्षता

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय मंसूरी समाज संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का अधिवेशन रविवार को कुचामन सिटी नागौर में संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी सफी मोहम्मद मंसूरी की अध्यक्षता एवं महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद गौरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संगठन के राष्ट्रीय महासचिव हाजी इस्माइल मंसूरी वह संगठन के राष्ट्रीय सचिव हाजी गुलाम रसूल मंसूरी थे प्रोग्राम का संयोजन मुस्ताक अली मंसूरी ने किया। इसमें संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे जिसमें संस्थान के राष्ट्रीय सदस्य अरशद अमन मंसूरी, पूर्व प्रदेश महासचिव निजाम मंसूरी, शहाबुद्दीन मंसूरी आदि ने अपने विचार रखें। अधिवेशन को संबोधित करते हुए संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी सफी मोहम्मद मंसूरी ने कहा कि समाज के पिछड़े पन को दूर करने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है समाज में बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि लड़कियां दो घर संवारती है एक ससुराल का वह दूसरा मायके का। समाज को जागरूक होना




जरूरी है साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सियासत में हिस्सेदारी की मांग की राष्ट्रीय महासचिव हाजी मोहम्मद इस्माइल ने कॉम के प्रतिभावान बच्चों के लिए करियर गाइडलाइंस व कोचिंग व्यवस्था प्रारंभ करना चाहिये। राष्ट्रीय महासचिव गुलाम रसूल मंसूरी ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियां व बुराइयों को बंद करने व फिजूल खर्ची को रोकने पर जोर दिया जाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद गोरी ने बताया कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु मिशन एजुकेशन 2030 का जिक्र करते हुए राष्ट्रीय कोर कमेटी बनाने पर जोर दिया। मुश्ताक अली ने बताया कि संस्थान द्वारा विगत 8 वर्षों से किया जा रहे कार्यों का उल्लेख किया और संस्था के उद्देशयो को बताया साथ ही निजाम मंसूरी ने लोगों से अपील कर संस्थान के साथ जुड़ने व मसूरी समाज को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में अब्दुल गौरी मंसूरी, सरवर तंवर मंसूरी, अब्दुल रहीम मंसूरी, मोहम्मद सलीम तंवर मंसूरी, अजीज मंसूरी, अल्तमश मंसूरी, आमेश मंसूरी, मुस्तफा मंसूरी, मुदस्सिर मंसूरी, मोहम्मद सोलंकी, रिजवान मंसूरी, यूसुफ सोलंकी आदि समाज के कई मोअजीज लोग उपस्थित थे और सब ने संस्थान को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# गलता गेट थाना पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों को पकड़ा

## -7 भारी वाहन और एक ऑपन जीप को जप्त किया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा आई.पी.एस. ने बताया कि राज्य में सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सडक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा 4 नवम्बर से 18 नवम्बर 2025 तक 15 दिवसीय सडक सुरक्षा अभियान संचालित किया गया है। जिसमें सडक दुर्घटनाओ में कमी लाना एवं मृत्यु दर घटाना, यातायात नियमों के पालन को सख्ती से लागू करना, सडक उपयोगकर्ताओं में जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना बढाना, सडक अधोसंरचना एवं आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ करने के संबंध में निर्देशित किया गया है जिसके तहत थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 48 पर यातायात सुदृढ करने, ओवर लोडिंग वाहनों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ तथा रोंग साईड वाहन चलाने वालों के खिलाफ अधिक से अधिक



कार्यवाही करने के हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर डॉ. दुर्गसिंह राजपुरोहित अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन में एवं हरिशंकर शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन में धर्म सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर के नेतृत्व में गिरिराज उ.नि. एवं थाना स्टाफ की विशेष टीमें गठित की जाकर दिये गये दिशा निर्देशो की पालना में कार्यवाही आरम्भ की गई। दौराने कार्यवाही विशेष अभियान के तहत नेशनल हाईवे पर चलने वाले ओवर लोडिंग कुल 4 भारी वाहन, एक बिना नंबरी ओवर लोडिंग भारी वाहन तथा एक ट्रक के चालक द्वारा शराब पीकर वाहन चलाते पाये जाने जप्त कर चालक को गिरफ्तार किया गया एवं एक ऑपन जीप में शराब पीकर हाईवे पर उत्पात मचाने पर वाहन जप्त किया गया। ओवर लोडिंग व जप्त 6 भारी वाहनों के संबंध में अग्रीम कार्यवाही हेतु खनन विभाग एवं परिवहन विभाग को सुचित किये जाने पर उक्त सभी भारी वाहनों के खिलाफ दोनों विभागों द्वारा नियमानुसार जप्त कर जुर्माने लगाया गया। पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर द्वारा विशेष अभियान के तहत ओवर लोडिंग, रोंग साईड, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

## विकास कार्य करवाने के लिए विधायक को ज्ञापन दिया



जयपुर (रॉयल पत्रिका) । रविवार 9 नवम्बर को जमवा रामगढ़ ग्राम पंचायत लागडीयावास की विभिन्न समस्याओं के बारे में क्षेत्र के विधायक को महेंद्रपाल मीणा को अवगत कराया गया । ग्राम पंचायत के पाँचों गांव के सभी शमशान घाटों के टीन सेट, पालेडा रोड से माताजी मंदिर तक सी सी रोड, नायला रोड से भौमिया जी महाराज तक डांगरवाड़ा रोड से नदी की ढाणी तक डामर रोड, नायला रोड से बदलियां की ढाणी तक डामर रोड बनवाने के लिए विधायक महेंद्रपाल मीणा को ज्ञापन दिया गया । उन्होंने भरोसा दिलाया कि शमशान घाटों के टीन सेट और सड़कें जल्द से जल्द बनवाने की कोशिश करेंगे ।

# अवैध एलपीजी गैस रिफलिंग करने वाले दो मुल्जिम गिरफ्तार

## -21 घरेलु एलपीजी गैस सिलेण्डर, 01 ईलेक्ट्रोनिक वेईग मशीन, 01 इलेक्ट्रोनिक मोटर मय पाईप मय रेगुलेटर मय नोजल व तीन ओटो रिक्शा जब्त



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। करण शर्मा पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर ने बताया कि आयुक्तालय जयपुर शहर उत्तर मे घरेलू गैस सलेण्डर से अवैध रुप से रिहायसी ईलाके व कॉलोनियो के मध्य ईलाको मे वाहनो मे घरेलू गैस सलेण्डर से अवैध रुप से गैस रिफलिंग की शिकायत मिलने पर शिकायत की तस्दीक व नियमानुसार कार्यवाही हेतु बजरंग सिंह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर द्वितीय के निर्देशन मे राजेन्द्र कुमार सहायक पुलिस आयुक्त वृत कोतवाली जयपुर उत्तर व हवासिंह मंगवा पु.नि. थानाधिकारी जालूपुरा जयपुर उत्तर के नेतृत्व मे माया मीणा, बनवारी लाल स.उ.नि., झाबरमल हैड कानि न.1071, काशीराम हैड कानि न.1220, शिवराज कानि न.10064 सुरेश चन्द कानि न.5639 की टीम गठित कर कार्यवाही की गयी। गठित टीम को ईलाका थाने मे चांद शाह बाबा की दरगाह के पास घरैलू एपीजी गैस सिलेण्डरो से अवैध गैस रिफलिंग की सूचना मिलने पर उक्ट टीम मोके पर पहुंची तथा मोहम्मद मोहसिन व मोहम्मद ताज के खिलाफ कार्यवाही हेतु पूजा शर्मा प्रवर्तन अधिकारी जिला रसद कार्यालय जयपुर शहर कलेक्ट्रेट जयपुर को मोके पर बूलाकर कार्यवाही की गयी। आरोपीगण के कब्जे से कुल 21 घरैलु एलपीजी गैस स्लेण्डर, एक ईलेक्ट्रोनिक वेईग मशीन, एक इलेक्ट्रोनिक मोटर मय पाईप मय रेगुलेटर मय नोजल को अभिग्रहण किया गया और पंडित गैस सर्विस के प्रतिनिधि सुरेश कुमार सैन को मोके पर बुलाकर सुपुर्दगी मे दिया गया तथा तीन ओटो रिक्शा को प्रकरण हाजा मे जब्त किया गया। व मुल्जिमान को गिरफ्तार किया गया मुल्जिमानो से प्रकरण हाजा मे गहन अनुसंधान जारी है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम के तहत घर-घर पहुंच रहे बूथ लेवल अधिकारी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिला निर्वाचन अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के तहत 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से परिगणना प्रपत्र भरवाने का कार्य किया जा रहा है। जयपुर जिले में विगत 5 दिनों में 15 लाख 45 हजार 448 परिगणना परिपत्रों का वितरण किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी जिले में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे परिगणना प्रपत्र भरने में बीएलओ का सहयोग कर सक्रिय भागीदारी निभाएं एवं संबंधित जानकारी यथासंभव उपलब्ध कराएं ताकि उनकी मैपिंग पूर्ववर्ती मतदाता सूची से की जा सके। जयपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर परिगणना परिपत्रों का वितरण कर रहे हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी लगातार फील्ड में निरीक्षण कर रहे हैं। चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 10 हजार 948, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 37 हजार 533, बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 1 हजार 652, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 359, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 7 हजार 121, दूदू विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 2



हजार 689, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 2 हजार 889, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 89 हजार 964, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 67 हजार 740 परिगणना परिपत्र वितरित किए गए। वहीं, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 38 हजार 563, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 68 हजार 915, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 88 हजार 740, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 47 हजार 297, बगरू विधानसभा क्षेत्र में 86 हजार 495, हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 59 हजार 162, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 82 हजार 437 एवं सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र में 52 हजार 944 परीगणना प्रपत्रों का वितरण किया गया। जयपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि परिगणना अवधि के दौरान जिन मतदाताओं की मैपिंग पूर्व विशेष पुनरीक्षण से हो जाएगी, उन्हें किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू एवं सफल बनाने में सहभागी बनें।

# सम्मान से उत्कृष्ट कार्यों को मिलती है पहचान- डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा

## -समर्पण संस्था का 10वां राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव 2025 अवार्ड समारोह हुआ आयोजित
## -देश भर से चयनित 44 विभूतियों को "समर्पण समाज गौरव 2025" और 16 युवा प्रतिभाओं को "समर्पण युवा जाग्रति 2025" अवॉर्ड से नवाज़ा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा राज्य कृषि प्रबंध संस्थान दुर्गापुरा स्थित सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित 10वें राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव 2025 अर्वाॅर्ड समारोह में देश भर से चयनित 44 विभूतियों को 16 श्रेणियों में "समर्पण समाज गौरव 2025" और 16 युवा प्रतिभाओं को "समर्पण युवा जाग्रति 2025" अवॉर्ड से उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने कहा कि "उत्कृष्ट कार्यों के सम्मान से पहचान, उर्जा व प्रोत्साहन मिलता है। समाज हित में समर्पण के भाव से कार्य करने पर ही जीवन सार्थक बनता है।" डॉ. मेहरडा ने कहा कि "हम परिवार, समाज, पर्यावरण व धरती से बहुत कुछ लेते है। इतना लेने के बाद हमें वापस लौटने की प्रवृत्ति भी जागृत करनी चाहिये। इस भाव को और मज़बूत करने का प्रयास समर्पण संस्था कर रही है।" इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत दीप दीप प्रज्वलन व समर्पण प्रार्थना के साथ की गई जिसे संस्था के कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल, सुश्री अंजली माल्या, सुश्री सुवज्ञा माल्या ने उच्चारित करवाया। समर्पण संस्था की एक परिचयात्मक फ़िल्म (डॉक्यूमेंटरी) प्रदर्शित की गई जिसमें संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते




हुए संस्था की विचारधारा को विस्तृत रूप में बताया। समारोह में 16 श्रेणियों में दिए गए अवॉर्ड में मुख्य रूप समाज सेवा में "मदर टेरेसा समर्पण समाज गौरव 2025" छतरपुर मध्यप्रदेश के संगम सेवालय को, शिक्षा के लिए "डॉ. राधाकृष्णन समर्पण समाज गौरव 2025" डॉ. कैलाश चन्द्र बुनकर को, सामाजिक न्याय के लिए "डॉ. अम्बेडकर समर्पण समाज गौरव 2025" पाली के राकेश पंवार को, चिकित्सा में "डॉ. विधान चन्द्र राय समर्पण समाज गौरव 2025" डॉ. राकेश केदावत को, साहित्य में "मुन्शी प्रेम चन्द समर्पण समाज गौरव 2025 "डॉ. घनश्याम भारती को, शोध व आविष्कार में "डॉ. अब्दुल कलाम समर्पण समाज गौरव 2025" उत्तराखंड के सुक्रम पाल सिंह को, खेलकूद में "मेजर ध्यानचंद समर्पण समाज गौरव 2025" ब्रह्म कुमार आशीष भाई को, आध्यात्म में "बाबा हरदेव सिंह समर्पण समाज गौरव 2025" आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया को, पर्यावरण में "सुन्दर लाल बहुगुणा समर्पण समाज गौरव 2025" हरियाणा के डॉ. मख्खन लाल तंवर को, कला एवं संस्कृति में "भूपेन हजारिका समर्पण समाज गौरव 2025" सुनील सोगण को, महिला सशक्तिकरण में "रानी लक्ष्मीबाई समर्पण समाज गौरव 2025" बीकानेर की सरिता राठौड़ को, पत्रकारिता में "कुलदीप नैयर समर्पण समाज गौरव 2025" रोहिताश कुमार वर्मा को, बिज़नेस में "धीरूभाई अंबानी समर्पण समाज गौरव 2025" शैलेश गर्ग को, योग में "महर्षि पतंजलि समर्पण समाज गौरव 2025" डॉ. बाबूलाल कुमावत को और कन्टेन्ट क्रियटर में "ग्रेट क्रिएटर समर्पण समाज गौरव 2025" कमलेश राजपुरोहित को दिया गया। इस अवसर पर अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. नीरज के. पवन , IAS शासन सचिव सचिव, युवा मामले और खेल विभाग, राजस्थान सरकार व अध्यक्ष, राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) उपस्थित रहे। विशेष आमंत्रित अतिथि अनिल कुमार जैन Retd. IRS (पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त व प्रधान मुख्य सलाहकार, समर्पण संस्था), प्रमोद चौरडिया जैन (प्रधान मुख्य संरक्षक, समर्पण संस्था व संस्थापक अध्यक्ष, मानव मिलन संस्थान) रहे। विशिष्ट अतिथि आर.के. अग्रवाल (वरिष्ठ समाजसेवी व मुख्य संरक्षक, परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति), रामावतार माहेश्वरी (सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक, ICICI बैंक) व राज कुमार बैरवा (निदेशक, हिमालया रियल एस्टेट, चित्तोडगढ़) उपस्थित रहे।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

# चुनावों में धांधली लोकतंत्र लिए खतरा

बिहार चुनाव का पहला चरण 6 नवंबर को पूरा हो गया। लेकिन इस पहले चरण में वोटिंग में धांधली की घटनाएं बड़ी संख्या में नजर आयी। चुनावों में धांधली देश के लोकतंत्र के लिए खतरा माना जाता है। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि वह देश में निष्पक्ष, भयमुक्त एवं साफ सुथरे चुनाव सम्पन करवाये। देश के दबंग पूर्व-चुनाव आयुक्त टीएम शेषन आज भी निष्पक्ष चुनाव के लिए याद किए जाते हैं। लेकिन वर्तमान में चुनाव आयुक्त आखें बंद करके कुर्सी पर बैठे हैं। चुनाव आयुक्त पर पूरा विपक्ष चुनावों में धांधली और एक पार्टी के पक्ष में काम करने का आरोप लगा रहा है। फिर भी चुनाव आयोग लगातार चुनावों में धांधली की अनदेखी कर रहा है। जब चुनाव आयोग लगातार चुनावों में धांधली की अनदेखी कर रहा है तो कैसे निष्पक्ष और बिना हेराफेरी के चुनाव हो सकते हैं। ऐसा ही हाल बिहार विधानसभा चुनाव में रहा। चुनाव के पहले चरण में कई स्थानों पर मतदाताओं को घरों से निकलने तक नहीं दिया। कई नेताओं ने दो-दो बार मतदान किया तो कई स्थानों पर ईवीएम बदलने की सूचनाएं आ रही है। कुछ जगहों पर सुरक्षाबलों ने भी मतदाताओं पर वोट नहीं करने का दबाव बनाया। वोटिंग के दौरान कुछ ऐसे युवक भी देखे गए जिनका नाम संबंधित बूथ क्षेत्र की मतदाता लिस्ट में था ही नहीं, फिर भी मतदान करने की कोशिश कर रहे थे। चुनावों में धांधली होना और चुनावो में धांधली को नहीं रोक पाना देश के चुनाव आयोग की नाकामी है। देश में चुनाव आयोग चुनाव में धांधली की घटनाओं पर क्यों चुप्पी साधे हुए है समझ से परे है। क्या विपक्ष जो चुनाव आयोग पर एक पार्टी के पक्ष में काम करने का आरोप जो लगा रहा है, वह सही है? चुनाव आयोग के लचीलेपन और चुनाव की निष्पक्ष प्रकिया पर सख्ती नहीं करना तो शक पैदा करता है। जिस देश में निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया नहीं अपनायी जाती है, वहां धीरे-धीरे लोकतंत्र का हास हो जाता है। बेईमानी से जीतने वाले नेता और राजनीतिक दलों में तानाशाही पनपने लगती है। तानाशाह सरकार और नेता कभी किसी देश का फायदा नहीं कर पाता है। तानाशाह नेता और सरकार सिर्फ लोगों की एवं विपक्ष की कमियां गिनाने और अपना घर भरने में ही पूरा समय गंवा देते हैं। हमारे देश में अभी पूरी तरह तानाशाही नहीं पनपी है और पनप भी नहीं सकती। क्योंकि हमारा देश विभिन्न धर्मों, वर्गों, जातियों, संस्कृतियों, भाषाओं और महापुरुषों का देश है, जहां एक विचार को सबके ऊपर नहीं थोपा जा सकता है। देश में तानाशाही और विचार थोपने की कई बार असफल कोशिश हुई, लेकिन सफल नहीं हुई। वर्तमान में भी ऐसा ही हो रहा है। लेकिन देश के मजबूत सेक्यूलर तानेबाने के सामने देश को कभी तोड़ा नहीं जा सकता, हां कुछ कमजोर जरूर किया जा सकता है।

# हुजूर स.अ. की हजरत अबूजर र.अ. को वसीयतें और नसीहतें

हजरत अबूजर र.अ. ने हुजूर स.अ. से फरमाया कि हुजूर स.अ. मुझे वसियत कीजिए। आप स.अ. ने फ़रमाया मैं तुम्हें अल्लाह से डरते रहने की वसीयत करता हूं, यही तेरे काम सिर यानि खुलास है। मैंने कहा या रसूल अल्लाह स.अ. कुछ और भी। आप स.अ. ने फ़रमाया तिलावत कुरान और अल्लाह के जिक्र में मशगूल रह, वो तेरे लिए आसमानों में जिक्र का और जमीन में नूर का बाइस होगा। मैंने फिर कहा हुजूर स.अ. और ज्यादा फरमाइये, फरमाया खबरदार ज्यादा हंसी से बच, वो दिल को मुर्दा कर देती है और चेहरे का नूर दूर कर देती है। मैंने कहा और ज्यादा, फरमाया जिहाद में मशगूल रह, मेरी उम्मत की रहबानियत दरवेशी यही है। मैंने कहा और वसीयत कीजिए, फरमाया सिवाय भली बात कहने के जुबान बंद रखा कर इससे शैतान भाग जाएगा और दीनी कामों में बड़ी ताइद यानि मदद होगी। मैंने कहा कुछ और भी फरमाइये, फरमाया अपने से नीचे के दर्जे के लोगों को दिखाकर और अपने से आला दर्जे के लोगों पर नजरें ना डाल। इससे तेरे दिल में खुदा की नेमतों की अजमत होगी। मैंने कहा मुझे और ज्यादा नसीहत कीजिये, फरमाया मिसकीनों से मोहब्बत रख और उनके साथ बैठ, इससे तुझे खुदा की रहमतें बहुत बड़ी मालूम होंगी। मैंने कहा और फरमाइये, फरमाया क़राबतदारों से मिला रह गो वो तुझ से ना मिलें। मैंने कहा और फरमाया हक गोई कर गो वो किसी को कड़वी लगे। मैंने और भी नसीहतें तलब कीं। फरमाया अल्लाह तआला के बारे में मलामत करने वाले की मलामत का खौफ न कर। मैंने कहा और फरमाया अपने ऐबों पर नज़र डाल दूसरों की एब गीरी से बाज आ जा। फिर मेरे (अबूजर र.अ.) के सीने पर आप स.अ. ने अपना हाथ रखकर फरमाया ए अबूजर ! तदबीर के बराबर कोई अकलमंदी नहीं और हराम से रुक जाने के बराबर कोई परहेजगारी नहीं और अच्छे अखलाक जैसे कोई नसब (असल) नहीं।

अल्लाह तआला से यह दुआ है कि अल्लाह हम सबको प्यारे नबी स.अ. की अबूजर र.अ. को की गई वसीयतों और नसीहतों पर ज्यादा से ज्यादा अपनी जिंदगी में अमल करने की तौफीक अता फरमाये, ताकि हमारी आखिरत की जिंदगी बेहतर हो सके। आमीन (तफसीर इब्ने कसीर)

**-हबीबुल्ला,एडवोकेट**

## तालीमयाफ़्ता औरत:

# एक तालीमयाफ़्ता नस्ल की ज़मानत

इस्लाम में इल्म (ज्ञान) हासिल करना हर मुसलमान मर्द और औरत पर फ़र्ज़ क़रार दिया गया है। नबी-ए-करीम (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने तालीम के मामले में मर्द और औरत के बीच कोई फ़र्क़ नहीं किया। इस्लाम ने लड़कियों की तालीम और तरबियत को न सिर्फ़ उनका हक़ बताया है, बल्कि इसे समाज की तरक़्क़ी और भलाई के लिए ज़रूरी क़रार दिया है। एक पढ़ी-लिखी और दीनदार औरत ही एक बेहतरीन नस्ल की तरबियत कर सकती है। चूँकि माँ की गोद बच्चे की पहली दरसगाह (पाठशाला) होती है, इसलिए माँ का तालीमयाफ़्ता और जागरूक होना आने वाली नस्लों के मुस्तक़बिल (भविष्य) को संवारने के लिए इंतिहाई ज़रूरी है। हज़रत आयशा (रज़ियल्लाहु अन्हा) का किरदार हमारे लिए बेहतरीन मिसाल है, जो अपने दौर की सबसे बड़ी आलिमा (विद्वान) थीं और बड़े-बड़े सहाबा उनसे दीनी मसाइल में रहनुमाई हासिल करते थे। नबी-ए-करीम (स.अ.) ने फ़रमाया, "जिस शख़्स ने अपनी दो या तीन बेटियों या बहनों की अच्छी परवरिश की, उन्हें तालीम दी और उनका निकाह कर दिया, तो उसके लिए जन्नत है।" यह हदीस लड़कियों की तरबियत की अहमियत और उसके अज़ीम अज्र (प्रतिफल) को ज़ाहिर करती है। लड़कियों को दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम से भी आरास्ता करना चाहिए ताकि वे एक अच्छी माँ, एक अच्छी बीवी और समाज की एक ज़िम्मेदार फ़र्द बन सकें। उन्हें तालीम से महरूम रखना इस्लामी तालीमात के सरासर ख़िलाफ़ है।

# अल्लामा इकबाल: विश्व के महान उर्दू कवि

## जन्मदिन पर विशेष आलेख...

### "ख़ुदी को कर बुलंद इतना कि हर तक़दीर से पहले, ख़ुदा बंदे से खुद पूछे बता तेरी रज़ा क्या है"



अल्लामा मोहम्मद इक़बाल एक महान कवि, दार्शनिक और राजनीतिज्ञ थे, जिनकी रचनाओं, विचारधारा और योगदान ने भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास को गहराई से प्रभावित किया।

अल्लामा इक़बाल का जन्म 9 नवम्बर 1877 को अविभाजित भारत के पंजाब के सियालकोट (अब पाकिस्तान) में हुआ था। इक़बाल का पूरा नाम मोहम्मद इक़बाल मसऊदी था। उनके पिता शेख़ नूर मुहम्मद एक धार्मिक व्यक्ति थे और विद्वानों के बीच उठते-बैठते थे। यह धार्मिक माहौल ही इक़बाल के दर्शन का आधार बना। इक़बाल की आरंभिक शिक्षा एक स्थानीय मकतब में हुई। उन्होंने सियालकोट मिशन स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की और फिर स्काच स्कूल, सियालकोट से एफ.ए. पास किया। इसके बाद इक़बाल ने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से बी.ए. और फिर दर्शन शास्त्र में एम.ए. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। यहीं उनकी भेंट अरबी भाषा के सुप्रसिद्ध विद्वान प्रोफेसर टी. डब्ल्यू. अर्नल्ड से हुई, जिनका प्रभाव इक़बाल के चिंतन और लेखन पर स्पष्ट देखा जा सकता है। उच्च शिक्षा और विदेश यात्रा 1905 में इक़बाल उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड गए और कैंब्रिज विश्वविद्यालय में दाखिला लिया। यहाँ उन्होंने दर्शन शास्त्र में अध्ययन किया और बाद में म्यूनिख विश्वविद्यालय, जर्मनी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। इक़बाल का शोध विषय "ईरान में मा बाद उल तबीआत का इर्तिक़ा" था। इसके बाद उन्होंने लंदन में कानून की पढ़ाई की और बैरिस्टरी की उपाधि प्राप्त की। इंग्लैंड, जर्मनी और लंदन में अध्ययन एवं अनुभव ने इक़बाल की सोच में नया मोड़ लिया। गुलामी की जंजीरों में जकड़े भारत के बजाय इंग्लैंड की आजादी और स्वाधीनता ने उनके विचारों को नए आयाम दिए। इक़बाल ने अपने छात्र जीवन में ही पहली शादी एक प्रतिष्ठित परिवार की महिला से की, जिनसे एक पुत्र आफ़ताब इक़बाल हुआ। इनकी दूसरी और तीसरी शादियाँ भी बाद में हुईं। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि और संस्कार उनकी रचनाओं में स्पष्ट रुप से झलकते हैं। इक़बाल ने उर्दू और फ़ारसी में ऐसी शायरी लिखी, जिसे आधुनिक काल की श्रेष्ठतम साहित्यिक रचनाओं में गिना जाता है। उनकी शायरी विचारधारा से युक्त होती थीं, जिसमें उपमाएँ, रूपक और प्रतीकों के माध्यम से सामाजिक, दार्शनिक और आध्यात्मिक जीवन की गहराई को स्पर्श किया गया, उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं: असरार-ए-ख़ुदीरमूज़-ए-बेख़ुदीबंग-ए-दारा (जिसमें 'सारे जहाँ से अच्छा' शामिल है) शिकवा एवं जवाब-ए-शिकवाबाल-ए-जब्रिलज़बूर-ए-अज़ीम "सारे जहाँ से अच्छा" आज भी भारतीय उपमहाद्वीप के लोकप्रिय राष्ट्र गीतों में से एक है, जिसे स्कूलों और समारोहों में बड़े सम्मान के साथ गाया जाता है। फ़ारसी में लिखी उनकी शायरी को ईरान और अफ़ग़ानिस्तान में अपनी विशिष्ट पहचान मिली है। दर्शन के क्षेत्र में इक़बाल ने 'ख़ुदी' (स्वत्व) का सिद्धांत प्रस्तुत किया, जिसमें मानव को अपनी आत्मा, जीवन-शक्ति और संकल्प को प्रबल करने की प्रेरणा दी गई है। उनका कहना था– "ख़ुदी को कर बुलंद इतना कि हर तक़दीर से पहले, ख़ुदा बंदे से खुद पूछे बता तेरी रज़ा क्या है।" इस दर्शन की मुख्य धारा आत्म जागरूकता, आत्म सम्मान और आंतरिक सुधार की ओर प्रेरित करती है। इक़बाल ने इस्लामी राष्ट्रवाद और उम्मा (इस्लामिक भाईचारा) की अवधारणा को भी विस्तार से प्रस्तुत किया। वे मानते थे कि इस्लाम में राष्ट्रवाद का समर्थन नहीं किया गया है, बल्कि मुस्लिम समुदाय को एकजुटता की भावना से जोड़ा गया है।

इक़बाल का राजनीति में सक्रिय योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण था। वे 1926 में पंजाब विधान सभा के सदस्य चुने गए और 1930 में मुस्लिम लीग के इलाहाबाद अधिवेशन में अध्यक्ष नियुक्त हुए। यहीं उन्होंने द्विराष्ट्र सिद्धांत की नींव रखी और भारत की स्वतंत्रता के साथ-साथ पाकिस्तान के निर्माण का सपना देखा। इक़बाल का मानना था कि भारतीय मुसलमानों की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए अलग राष्ट्र अनिवार्य है। उनकी इस सोच ने आगे चलकर पाकिस्तान के निर्माण की राह प्रशस्त की। राजनीति में व्यस्त रहते हुए इक़बाल ने साहित्य और लेखन को कभी नहीं छोड़ा। उनकी कविताएँ जीवन और मानवता के उच्च आदर्शों की अभिव्यक्ति थीं। उनकी अंतिम पुस्तक 'अरमुग़ान-ए-हिजाज़' उनकी मृत्यु के बाद प्रकाशित हुई। उन्हें पंजाब विश्वविद्यालय एवं अलीगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा डी.लिट. की मानद उपाधियाँ दी गईं। 21 अप्रैल 1938 को लाहौर में इक़बाल का निधन हुआ, उनकी समाधि लाहौर की बादशाही मस्जिद के समीप है। इक़बाल को पाकिस्तान का राष्ट्र कवि और 'शायर-ए-मशरीक' (पूरब का शायर) कहा जाता है। उनके विचार और रचनाएँ आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं। पाकिस्तान के साथ-साथ भारत, अफगानिस्तान और ईरान में उनके जीवन और कृतित्व का सम्मान किया जाता है। अल्लामा इक़बाल ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने साहित्य, दर्शन, राजनीति और समाज के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। उनकी रचनाएँ आज भी 'ख़ुदी' के उच्च सिद्धांत, जागरूकता, स्वतंत्र सोच और मानवता के आदर्श मूल्यों की मशाल जलाए हुए हैं। वे सत्य, न्याय और आत्म गौरव की राह दिखाने वाले शायर थे। उनकी जीवन-गाथा से यह शिक्षा मिलती है कि कठिन परिस्थितियों में भी ऊँचे विचार, अध्ययन और आत्मबल से न सिर्फ अपना, बल्कि पूरे समाज का भविष्य सँवारा जा सकता है। अल्लामा इकबाल का नाम साहित्य, संस्कृति और इतिहास में सदैव अमर रहेगा।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद: देश के पहले शिक्षा मंत्री

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है कलाम का जन्मदिन....



मौलाना अबुल कलाम आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता, विद्वान, पत्रकार तथा देश के पहले शिक्षा मंत्री थे। वे अपने विचारों, सिद्धांतों और राष्ट्रीय एकता के लिए हमेशा याद किए जाते हैं। उनका जीवन देश की आज़ादी और समाज सुधार के लिए प्रेरणास्रोत है। मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्म 11 नवंबर 1888 को मक्का में हुआ था। उनका असली नाम अबुल कलाम गुलाम मुहियुद्दीन था। उनके माता-पिता का संबंध एक धार्मिक और शिक्षित परिवार से था। उनके पिता मौलाना मुहम्मद खैरुद्दीन एक प्रतिष्ठित इस्लामी विद्वान थे और माँ अरब मूल की थीं। भारत, विशेषतः कलकत्ता में बसने के बाद आज़ाद को घर पर ही उनके पिता द्वारा अरबी, फारसी, उर्दू, अंग्रेज़ी, गणित और इतिहास की शिक्षा दी गई। उन्होंने कभी किसी औपचारिक विद्यालय/विश्वविद्यालय का मार्ग नहीं चुना, बल्कि स्वाध्याय और पारिवारिक शिक्षाओं से ही विद्वत्ता प्राप्त की। आज़ाद बचपन से ही बौद्धिक गतिविधियों और तर्क-वितर्क में रुचि रखते थे। उन्होंने प्रारंभिक इस्लामी शिक्षा के अलावा उर्दू, हिंदी, अंग्रेज़ी, और फारसी भाषा सीखी। वे पश्चिमी दर्शन, राजनीति शास्त्र और विज्ञान से भी प्रभावित हुए। मौलाना आज़ाद का दृष्टिकोण धार्मिक के साथ-साथ आधुनिक था, जिससे वे सामाजिक और राजनीतिक सुधारों के प्रति झुकाव रखते थे। मौलाना आज़ाद ने पत्रकारिता को समाज जागरण और राजनीतिक चेतना लाने का माध्यम बनाया। उन्होंने 1912 में 'अल-हिलाल' नामक उर्दू पत्रिका की शुरुआत की, जिससे हिंदू-मुस्लिम एकता और क्रांतिकारी विचारों का प्रचार किया गया। यह पत्रिका अंग्रेज़ी शासन के खिलाफ तीव्र लेखनी चलाती थी, जिसके कारण 1914 में इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। बाद में, 'अल-बालाग' और अन्य पत्र-पत्रिकाएं भी प्रकाशित कीं। आज़ाद ने पत्रकारिता के माध्यम से हिंदू-मुस्लिम भाईचारे और स्वतंत्रता की अलख जगाई। मौलाना आज़ाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। वर्ष 1920 में महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए असहयोग आंदोलन में वे सक्रिय रूप से शामिल हुए। वे 1923 में कांग्रेस के सबसे युवा अध्यक्ष चुने गए। वर्ष 1940-1946 तक कांग्रेस अध्यक्ष बने रहे, जब "भारत छोड़ो" आन्दोलन अपने चरम पर था। उनका मानना था कि भारत की आज़ादी समान रूप से सभी धर्मों के लोगों की है और विभाजन के कठोर विरोधी थे। वे हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रबल समर्थक रहे। खिलाफत आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कई बार उन्हें जेल जाना पड़ा, जिनमें रांची और मेरठ जेल शामिल हैं। शिक्षा मंत्री के रूप में आज़ादी के बाद मौलाना आज़ाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने। उन्होंने भारतीय शिक्षा प्रणाली में सुधार हेतु अनेक कदम उठाए। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय विज्ञान संस्थान, संगीत अकादमी आदि संस्थानों की स्थापना में योगदान दिया। उनकी नीति प्रमुख रूप से "शिक्षा सबके लिए" पर आधारित थी। वे विनम्रता, समावेशिता और ज्ञान के प्रचार के समर्थक रहे। मौलाना आजाद के प्रयासों से भारतीय शिक्षा व्यवस्था का आधार मजबूत हुआ और व्यावसायिक, प्राथमिक तथा उच्च शिक्षा का विस्तार हुआ। मौलाना आज़ाद न केवल राजनेता बल्कि उत्कृष्ट लेखक एवं कवि भी थे। उनकी रचनाएं भारतीय समाज, धार्मिक और राष्ट्रवाद के भावना को व्यक्त करती हैं। उन्होंने कुरान के विभिन्न पहलुओं और दर्शन पर कई पुस्तकें लिखीं। उनकी प्रसिद्ध कृति "गुब्बार-ए-ख़ातिर" है, जिसमें उन्होंने अपने विचार, अनुभूतियाँ और पत्र लिखे। मौलाना आज़ाद के विचार जीवन की समावेशिता, सहिष्णुता और मानवीयता के पक्षधर थे। वे कट्टरता के विरोधी और एकता के समर्थक थे। उनकी सोच नई पीढ़ी को परिश्रम, प्रेम तथा देश-भक्ति के मार्ग पर प्रेरित करती है। उन्होंने हमेशा संप्रदायवाद, जातिवाद और भेदभाव का विरोध किया और भारतीयता की संकल्पना को आगे बढ़ाया। मौलाना अबुल कलाम आजाद का निधन 22 फरवरी 1958 को दिल्ली में हुआ। उनकी याद में हर वर्ष 11 नवंबर को 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' मनाया जाता है। उनके योगदान को भारत सरकार तथा समाज द्वारा हमेशा सम्मान दिया गया। भारत रत्न से भी उन्हें नवाजा गया। उनका जीवन, विचार और योगदान आज भी प्रेरणा देते हैं। शिक्षा, एकता और समाज सुधार में उनके विचारों की प्रासंगिकता हमेशा बनी रहेगी। मौलाना आजाद भारतीय इतिहास के ऐसे स्तंभ हैं, जो हर पीढ़ी को जागरूकता, सेवा और सत्य के मार्ग पर बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

# एक रहस्यवादी कवि थे सूफी फरीदुद्दीन अत्तार






12 वीं सदी के दौर में इस्लामिक जगत के महानतम सूफ़ियों में फ़रीदुद्दीन अत्तार प्रमुख थे, इनका असली नाम अबू हमीद इब्न अबू बक्र इब्राहीम था, लेकिन वे फ़रीदुद्दीन अत्तार के नाम से विख्यात हुए। इनका जन्म सन् 1145-1146 ई में निशापुर, (ईरान) में हुआ था और मृत्यु सन् 1221 ई में (आयु 74–75 की आयु) चंगेज खाँ के फारस पर आक्रमण के समय 1221 ई. में एक सैनिक के हाथों हुई जो इनकी सूफ़ियाना प्रकृति से चिढ़ गया था। इनकी क़ब्र (मरजा'-ए-ख़लाइक़) निशापुर, (ईरान) में है।

अत्तार के पिता का नाम इब्राहीम बिन इसहाक़ है, और वे इत्र तथा दवाइयों का कारोबार करते थे और शायद एक समृद्ध रसायनज्ञ थे। फ़रीदुद्दीन अत्तार ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त की थी। पिता के देहांत के बाद फ़रीदुद्दीन अत्तार ने अपने पिता का काम काज संभाल लिया। इस तरह पेशे से वह एक आधुनिक शहर के डॉक्टर और फार्मासिस्ट के समान थे और लोगों को चिकित्सा सेवा देते थे, इसके साथ ही सूफ़ी विचारधारा को भी बढ़ावा देते थे।

उनकी विरक्ति के सम्बन्ध में एक घटना प्रसिद्ध है। इस घटना का उल्लेख मौलाना शिब्ली ने शेर-उल-अ'जम में किया है कि फ़रीदुद्दीन अ'त्तार अपनी दुकान पर बैठे हुए थे। कहीं से एक फ़क़ीर वहां आ पहुंचा और उनकी दुकान की ठाट बाट को देर तक देखता रहा। अत्तार ने झल्ला कर उस से कहा –क्यों व्यर्थ अपना समय नष्ट करते हो, जाओ और अपनी राह लो! फ़क़ीर ने कहा –तुम अपनी चिंता करो! मेरा जाना कौन सा कठिन कार्य है? लो! मैं चला! यह कह कर वह वहीं पर लेट गया। फ़रीदुद्दीन अ'त्तार ने जब उठकर देखा तो उस के प्राण निकल चुके थे। इस घटना ने फ़रीदुद्दीन अ'त्तार के हृदय में विरक्ति की लौ लगा दी। उन्होंने खड़े खड़े अपनी दुकान लुटवा दी और फ़क़ीर बन गए। आखिरकार, उन्होंने अपने फार्मेसी स्टोर को छोड़ दिया और व्यापक रूप से यात्राएं की - वे बगदाद, बसरा, कूफ़ा, मक्का, मदीना, दमिश्क, ख़्वारिज़्म, तुर्किस्तान, और भारत, सूफी शायख से मिलकर - और सूफी विचारों को बढ़ावा देते हुए वापस लौटे।

उन्होंने अपने समय के प्रसिद्ध सूफ़ी शैख़ रुक्नुद्दीन को अपना मुर्शिद बनाया। अत्तार ने सूफियाना कविताएँ और दर्शनात्मक ग्रंथ लिखे जिनमें "मंतीक अल-तायर" (पक्षियों की सभा) और "इलाही-नामा" प्रमुख हैं। उनकी कविताएँ धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों पर केंद्रित थीं और उन्होंने सूफ़ीवाद के प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने धार्मिक संतों और सूफियों की जीवनी संकलित की और"तज़्किरातुल-औलिया" नामक ग्रंथ लिखा। कहा जाता है कि अत्तार के जीवन के बारे में जानकारी दुर्लभ है। उनका (फ़रीदुद्दीन अत्तार का)उल्लेख उनके दो समकालीनों, `अफी और तुसी 'द्वारा किया गया है।

फ़रीदुद्दीन अत्तार की रचनाओं में चतुष्पदियों, चतुर्दशपदियों और द्विपदियों की अधिकता है। कहा जाता है, इन्होंने एक लाख बीस हजार पद (कप्लेट्स) लिखे। इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं- तज़किरातुल-औलिया, पंदनामा, ,"मंतीक अल-तायर" इलाहीनामा, दीवान-ए-अत्तार, कुल्लियात-ए-अत्तार आदि। "मंतीक अल-तायर" में पक्षियों की सभा का आध्यात्मिक रूपकात्मक वर्णन मिलता है जिसमें साधनात्मक एवं आध्यात्मिक रहस्यों का उद्घाटन किया गया है। काव्य, अध्यात्म और दर्शन (सूफी) का उच्च कोटि का समन्वय इनके काव्य में मिलता है। सरल, सुबोध, मधुर एवं स्पष्ट शैली के साथ विरोधाभास कथन की प्रकृति इनकी अपनी विशेषता है। फ़रीदुद्दीन अत्तार ईरान के सबसे प्रसिद्ध रहस्यवादी कवियों में से एक है। उनकी रचनाएँ रूमी और कई अन्य रहस्यवादी कवियों की प्रेरणा थीं। फ़रीदुद्दीन`अत्तार का, सनाई के साथ रूमी पर भी सबसे बड़ा प्रभाव था। रूमी ने अपनी कविता में कई बार सनाई और अत्तार दोनों का सर्वोच्च सम्मान के साथ उल्लेख किया है। रूमी ने अत्तार की, प्रशंसा इस प्रकार की है:

"अत्तार इश्क़ के सात शहरों से गुज़रा है, जबकि हमने पहली गली को मुश्किल से पर किया है।"

**फ़रीदुद्दीन अत्तार की प्रमुख रचनाएं -**

इलाही-नामा-

अत्तार का एक और प्रसिद्ध काव्य है, जिसमें 6500 छंद हैं। रूप और सामग्री के संदर्भ में, इसमें बर्ड पार्लियामेंट के साथ कुछ समानताएं हैं। कहानी एक राजा की है जो अपने छह बेटों की भौतिकवादी और सांसारिक मांगों के साथ सामना करती है। राजा अपने छह बेटों की अस्थाई और संवेदनहीन इच्छाओं को उन्हें बड़ी संख्या में आध्यात्मिक कहानियों से दूर करके दिखाने की कोशिश करता है।

मुख्तार-नामा-

मोख्तार-नामा(मुख्तार-नामा) में, रहस्यमय और धार्मिक विषयों का एक सुसंगत समूह उल्लिखित है (मिलन के लिए खोज, विशिष्टता की भावना, दुनिया से दूर होना, सत्यानाश, विस्मय, पीड़ा, मृत्यु के प्रति जागरूकता, आदि) और एक समान रूप से समृद्ध समूह। विषयवस्तु रहस्यमय साहित्य की कविता की विशिष्टताओं (प्रेम, असंभव मिलन, प्रियजन की सुंदरता, प्रेम कहानी की रूढ़ियों को कमजोरी, रोना, अलग करना) की पीड़ा आदि है।

तज़किरातुल औलिया-

अत्तार का एकमात्र ज्ञात गद्य काम है जो उन्होंने अपने पूरे जीवन में किया था और जो उनकी मृत्यु से पहले सार्वजनिक रूप से उपलब्ध था। मुस्लिम संतों और मनीषियों की जीवनी है। इस पुस्तक में जो सबसे सम्मोहक प्रविष्टि मानी जाती है, मंसूर अल-हलाज के वध की कहानी से संबंधित है।

अत्तार का दीवान-

फारसी में रचित है। इसमें ग़ज़ल के ("गीत") रूप में लगभग पूरी तरह से कविताओं में समाहित है, क्योंकि उन्होंने मोख्तार-नाम नामक एक अलग काम में अपनी रूबी ("यात्रा") एकत्र की। कुछ क़सीदा ("ओड्स") भी हैं, लेकिन वे दीवान के एक-सातवें हिस्से से कम हैं। उनका क़ासीदा रहस्यमय और नैतिक विषयों और नैतिक उपदेशों पर प्रकाश डालता है। आम तौर पर शास्त्रीय इस्लामी सूफीवाद की परिचित प्रतीकात्मक भाषा में आध्यात्मिक अनुभवों को दर्शाती हैं।

अन्य रचनाएं :-

असरार-नामा
मंतिक़ अत तैर- अल-तयूर
मुसीबत नामा
इलाही-नामा
जवाहिर-नामा
शरह अल-क़ल्ब

अत्तार की प्रसिद्ध रचना - मंतिक अल तयूर में पक्षियों के सम्मेलन में आध्यात्मिकता के सात चरणों का वर्णन किया है :-

1.खोज की घाटी (वादी ए तलब)
2.प्रेम और स्नेह की घाटी (वादी ए इश्क़)
3.बुद्धिमता की घाटी (वादी ए हैरत)
4.त्याग की घाटी (वादी ए स्तग़ना)
5.एकत्व की घाटी (वादी ए तौहीद)
6.विस्मय की घाटी (वादी ए फ़िक्र व फ़ना)
7.अंतर्ज्ञान की घाटी (वादी ए मारिफ़त)

**फ़रीदुद्दीन अत्तार के मुताबिक :-**

"मृत्यु ने न तो मूर्ख को छोड़ा और न बुद्धिमान को उसके लिए भले और बुरे समान हैं।" "जो कुछ मैंने अपनी इन आँखों से देखा है वह किसी को भी दिखलाई नहीं दिया और जो बोझ मैंने अपने हृदय के कारण उठाया है, वह किसी ने भी नहीं उठाया है।" "प्रेम का एक कण भी सारे संसार से बढ़कर मूल्य रखता है और तनिक सी पीड़ा संपूर्ण संसार के प्रेमियों से बढ़कर बात है।" 'अत्तार की रचनाओं का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया गया है और उनके बारे में किताबें ईरान और दुनिया भर में प्रकाशित हुई हैं; वह फ़ारसी कवियों में से हैं जिनकी रचनाओं को इटली में खूब सराहा गया है; और उनमें से पांच का इतालवी में अनुवाद किया गया है।

**-फ़ज़लुर्रहमान**

# RRB में 2569 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

## -31 अक्टूबर से आवेदन शुरू, एज लिमिट 33 साल

रेलवे भर्ती बोर्ड में आरआरबी जूनियर इंजीनियर, डीएमएस और सीएमए भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। आवेदन प्रक्रिया 31 अक्टूबर 2025 से शुरू होगी। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट indianrailways.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। उम्मीदवारों को फॉर्म में करेक्शन करने के लिए 03 दिसंबर से 12 दिसंबर तक का समय दिया जाएगा।

आवेदन शुरू 31 अक्टूबर 2025

लास्ट डेट 30 नवंबर 2025

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

सिविल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय डिप्लोमा या बीई/बीटेक की डिग्री

डिपॉट मटेरियल सुपरिंटेंडेंट : किसी भी इंजीनियरिंग क्षेत्र में 3 वर्षीय डिप्लोमा

केमिकल एंड मेटालर्जिकल असिस्टेंट : फिजिक्स, केमिस्ट्री के साथ बीएससी

**एज लिमिट :**

न्यूनतम : 18 साल

अधिकतम : 33 साल

एसटी/एससी : 5 साल की छूट

ओबीसी : 3 साल की छूट

पीडब्ल्यूडी : 10 साल की छूट

**फीस :**

सामान्य, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी : 500 रुपए

एससी, एसटी, महिला, दिव्यांग : 250 रुपए

**सैलरी :**

35400 रुपए प्रतिमाह

अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**एग्जाम पैटर्न :**

सीबीटी-1 : सब्जेक्ट :

गणित, सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क, सामान्य जागरूकता और सामान्य विज्ञान

क्वेश्चन टाइप : एमसीक्यू

मार्क्स : 100

ड्यूरेशन : 90 मिनट

नेगेटिव मार्किंग : एक-तिहाई अंक

सीबीटी- 2 :

क्वेश्चन टाइप : एमसीक्यू

क्वेश्चन नंबर : 150

**ऐसे करें आवेदन :**

ऑफिशियल वेबसाइट indianrailways.gov.in पर जाएं।

होमपेज पर अप्लाई ऑनलाइन के लिंक पर क्लिक करें।

न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल्स दर्ज करें।

रजिस्ट्रेशन होने के बाद लॉग इन करें।

फीस (यदि लागू हो) जमा करें।

फॉर्म का प्रिंटआउट निकाल कर रखें।

# न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन में 122 पदों पर भर्ती

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में ट्रेड अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकली है। इस भर्ती के लिए आज से आवेदन शुरू हो रहे हैं। उम्मीदवार वेबसाइट npcilcareers.co.in पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**

07 नवम्बर से 27 नवम्बर 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

जूनियर हिन्दी ट्रांसलेटर :

ग्रेजुएशन की डिग्री

डिप्टी मैनेजर :

पीजी, एमबीए, एलएलबी या सीए की डिग्री।

**एज लिमिट :**

न्यूनतम : 21 साल

अधिकतम : 30 साल

**सैलरी :**

पद के अनुसार 35,400 - 56,100 रुपए प्रतिमाह

अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**फीस :**

डिप्टी मैनेजर : सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस : 500 रुपए

जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर : 150 रुपए

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग : नि:शुल्क

**ऐसे करें आवेदन :**

ऑफिशियल वेबसाइट npcilcareers.co.in पर जाएं।

करियर बटन पर क्लिक करने के बाद Registration Form लिंक पर क्लिक करें।

GATE 2023/2024/2025 डिटेल्स के साथ रजिस्ट्रेशन करें।

जरूरी डिटेल्स दर्ज करके डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।

फॉर्म सब्मिट करें। इसका प्रिंट आउट लेकर रखें।

# नेवल शिप रिपेयर यार्ड में 210 पदों पर भर्ती

## -8वीं, 10वीं पास को मौका, सभी के लिए नि:शुल्क

नेवल शिप रिपेयर यार्ड में अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवारों को ऑफलाइन आवेदन करना होगा। इस भर्ती के लिए पद के अनुसार एक से दो साल की ट्रेनिंग दी जाएगी।

आवेदन शुरू 24 अक्टूबर 2025

लास्ट डेट 23 नवंबर 2025

**वैकेंसी डिटेल्स :**

| पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|
| नेवल शिप रिपेयर यार्ड कारवा (एक साल की ट्रेनिंग) | 168 |
| नेवल शिप रिपेयर यार्ड कारवा (दो साल की ट्रेनिंग) | 12 |
| नेवल एयरक्राफ्ट यार्ड गोवा (एक साल की ट्रेनिंग) | 30 |

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :

पद के अनुसार 8वीं, 10वीं, आईटीआई की डिग्री

**एज लिमिट :**

न्यूनतम : 14 वर्ष

अधिकतम : 18 वर्ष

**सिलेक्शन प्रोसेस :**

रिटन एग्जाम

इंटरव्यू

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**स्टाइपेंड :**

पद के अनुसार 3,400 - 9,600 रुपए प्रतिमाह

**एग्जाम पैटर्न :**

ओएमआर बेस्ड

मार्क्स : 100

ड्यूरेशन : 2 घंटे

नेगेटिव मार्किंग : नहीं

| पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|
| मैथ्स | 35 |
| साइंस | 35 |
| जीके | 30 |

**ऐसे करें आवेदन :**

ऑफिशियल पोर्टल www.apprenticeshipindia.gov.in पर जाएं।

रजिस्ट्रेशन करके लॉग इन करें।

होमपेज पर जाकर अपनी प्रोफाइल डिटेल्स कंप्लीट करें।

# दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में जनरल मैनेजर की भर्ती

## -एज लिमिट 62 साल, सैलरी ढाई लाख से ज्यादा

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (DMRC) की ओर से जनरल मैनेजर के पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवारों को इस भर्ती के लिए ऑफलाइन आवेदन करना होगा।

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ बी.बी.ई./बी.टेक. (सिविल) या समकक्ष डिग्री

रेलवे, केंद्र या राज्य सरकार के विभागों या किसी सार्वजनिक उपक्रम में कार्य करने का अनुभव

कंप्यूटर एप्लीकेशन का नॉलेज होना चाहिए।

**एज लिमिट :**

पद के अनुसार 55 से 62 साल

**सिलेक्शन प्रोसेस :**

उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करके इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।

**सैलरी :**

12,0000 - 2,80,000 रुपए प्रतिमाह

**ऐसे करें आवेदन :**

DMRC की ऑफिशियल वेबसाइट delhimetrorail.com पर जाकर फॉर्म डाउनलोड करें।

इसे संबंधित डॉक्यूमेंट्स अटैच करके "कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन), दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड मेट्रो भवन, फायर ब्रिगेड लेन, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली" के पते पर भेज दें।

# एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी में 131 पदों पर भर्ती

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने 131 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 17 अक्टूबर से शुरू हो गई है। उम्मीदवार वेबसाइट mppgcl.mp.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। फीस जमा करने की आखिरी तारीख भी 15 नवंबर तय की गई है।

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

पद के अनुसार 12वीं पास, 1 साल का कंप्यूटर डिप्लोमा, साथ में सीपीसीटी सर्टिफिकेट होना चाहिए।

संबंधित क्षेत्र में बीई, बीटेक की डिग्री, डिप्लोमा, 3 से 5 साल का अनुभव।

**फीस :**

जनरल : 1200 रुपए

एससी, एसटी, ओबीसी पीडब्ल्यूडी, ईडब्ल्यूएस : 600 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**

सीबीटी एग्जाम

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**सैलरी :**

19,500 -1,77,500 रुपए प्रतिमाह

**ऐसे करें आवेदन :**

ऑफिशियल वेबसाइट mppgcl.mp.gov.in पर जाएं।

"Recruitment 2025" सेक्शन में जाकर पद चुनें।


रॉयल पत्रिका

जयपुर से प्रकाशित होने वाले हिंदी अख़बार "रॉयल पत्रिका" साप्ताहिक में आप वैवाहिक, मकान बेचना है, मकान खरीदना है, इत्यादि के विज्ञापन देकर अपना वक़्त बचा सकते हैं। यह विज्ञापन बहुत ही रियायती रेट में छापे जाते हैं। विज्ञापन बुक करवाने के लिए संपर्क करें -

9772552446/9799559096


# प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

## (रणनीति)

(पिछले अंक से जारी)

**(नियमितता और सटीकता के साथ सफलता की ओर)**

**यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा (पेपर-I: सामान्य अध्ययन)**

**खंड–1: प्राचीन भारत (Ancient India)**

प्रश्न 1. सिंधु सभ्यता के लोग मुख्य रूप से कौन-सा धातु मिश्रण जानते थे?
(A) पीतल (B) कांसा
(C) लोहा (D) चाँदी
उत्तर: (B)
व्याख्या: सिंधु सभ्यता के लोग ताम्र और टिन के मिश्रण से कांसा बनाना जानते थे, इसलिए इसे कांस्य युग की सभ्यता कहा गया है।

प्रश्न 2. मोहनजोदड़ो का अर्थ है —
(A) मृतकों का टीला (B) राजा का नगर (C) चावल का गाँव
(D) व्यापारियों का नगर
उत्तर: (A)
व्याख्या: 'मोहनजोदड़ो' का अर्थ 'मृतकों का टीला' है, जो सिंधु नदी के किनारे स्थित था।

प्रश्न 3. हड़प्पा सभ्यता में 'ग्रेट बाथ' कहाँ पाया गया है?
(A) हड़प्पा (B) लोथल
(C) मोहनजोदड़ो
(D) चन्हुदड़ो
उत्तर: (C)
व्याख्या: मोहनजोदड़ो में 'ग्रेट बाथ' एक विशाल स्नानागार है जो नगर नियोजन और स्वच्छता के उच्च स्तर को दर्शाता है।

प्रश्न 4. सिंधु सभ्यता की लिपि —
(A)देवनागरी (B)चित्रलिपि
(C) ब्राह्मी
(D)अज्ञात (अविकसित)
उत्तर: (D)
व्याख्या: सिंधु लिपि अब तक पढ़ी नहीं जा सकी है, इसलिए इसे अविकसित या अज्ञात लिपि कहा जाता है।

प्रश्न 5. वेदों की भाषा क्या थी?
(A) प्राकृत (B) पाली
(C) संस्कृत (D) अपभ्रंश
उत्तर: (C)
व्याख्या: वेद संस्कृत भाषा में रचित हैं, जो वैदिक संस्कृत कहलाती है।

प्रश्न 6. 'गायत्री मंत्र' किस देवता को समर्पित है?
(A) इंद्र (B) वरुण
(C) सविता (D) अग्नि
उत्तर: (C)
व्याख्या: गायत्री मंत्र सविता देवता को समर्पित है, जो सूर्य का ही एक रूप हैं।

प्रश्न 7. 'दशराज्ञ युद्ध' का उल्लेख किस वेद में मिलता है?
(A) ऋग्वेद (B) सामवेद
(C) यजुर्वेद (D) अथर्ववेद
उत्तर: (A)
व्याख्या: ऋग्वेद के सप्तम मंडल में 'दशराज्ञ युद्ध' का उल्लेख है, जिसमें भरत राजा सुदास की विजय हुई थी।

प्रश्न 8. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
(A) पार्श्वनाथ (B) ऋषभदेव
(C) महावीर (D) मल्लिनाथ
उत्तर: (C)
व्याख्या: वर्धमान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे, जिन्होंने अहिंसा और अपरिग्रह का उपदेश दिया।

प्रश्न 9. महात्मा बुद्ध का जन्म कहाँ हुआ था?
(A) कुशीनगर (B) बोधगया
(C) लुंबिनी (D) सारनाथ
उत्तर: (C)
व्याख्या: महात्मा बुद्ध का जन्म लुंबिनी में हुआ था, जो वर्तमान में नेपाल में स्थित है।

प्रश्न 10. बुद्ध ने ज्ञान की प्राप्ति कहाँ की?
(A) सारनाथ (B) कुशीनगर
(C) गया (D) बोधगया
उत्तर: (D)
व्याख्या: बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति बोधगया में बोधिवृक्ष के नीचे हुई थी।

प्रश्न 11. प्रथम बौद्ध संगीति कहाँ हुई थी?
(A) राजगृह (B) वैशाली
(C) पाटलिपुत्र (D) कश्मीर
उत्तर: (A)
व्याख्या: प्रथम बौद्ध संगीति राजगृह में महाकाश्यप की अध्यक्षता में हुई थी।

प्रश्न 12. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की?
(A) बिम्बिसार (B) चंद्रगुप्त मौर्य
(C) अशोक (D) बिन्दुसार
उत्तर: (B)
व्याख्या: 321 ई.पू. में चंद्रगुप्त मौर्य ने मगध में मौर्य साम्राज्य की स्थापना की।

प्रश्न 13. चाणक्य का अन्य नाम क्या है?
(A) कौटिल्य (B) चंद्रगुप्त
(C) विष्णुगुप्त
(D) दोनों (A) और (C)
उत्तर: (D)
व्याख्या: चाणक्य को कौटिल्य और विष्णुगुप्त भी कहा जाता है। वे अर्थशास्त्र के रचयिता थे।

**-डॉ. एम . ए. खान**
**प्रोफेसर (भूगोल)**

# कैंसर बना जानलेवा: जानिए कौन-से खानपान और आदतें बढ़ाती हैं Cancer का खतरा, और कैसे रहें सुरक्षित

कैंसर—एक ऐसा नाम जिसे सुनते ही हर इंसान के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कभी यह बीमारी दुर्लभ मानी जाती थी, लेकिन आज हर गली, हर मोहल्ले, हर परिवार में कोई न कोई व्यक्ति इससे जूझ रहा है। यह बीमारी इतनी ख़तरनाक है कि समय पर इसका पता न चलने पर यह जान भी ले सकती है। पर अच्छी बात यह है कि कैंसर को रोकना संभव है, अगर हम अपने खानपान और जीवनशैली में थोड़े बदलाव लाएं तो।

**कैंसर कैसे बढ़ता है?**

वैज्ञानिकों के अनुसार कैंसर हमारे शरीर में तब फैलता है जब कोशिकाएं (cells) असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं और उनका नियंत्रण खत्म हो जाता है। यह असामान्य कोशिकाएं शरीर के किसी भी हिस्से में ट्यूमर बनाकर फैल सकती हैं। कैंसर को बढ़ने का सबसे बड़ा कारण शरीर में बढ़ती एसिडिटी (Acidity) और टॉक्सिन्स (Toxins) हैं। अगर हमारे शरीर का एनवायरनमेंट एसिडिक हो जाए, तो कैंसर सेल्स को पनपने का मौका मिल जाता है। जबकि अलकलाइन बॉडी (Alkaline Body) में कैंसर सेल्स का बढ़ना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए अगर आप कैंसर से दूर रहना चाहते हैं, तो अपने शरीर को "अलकलाइन" बनाए रखना बहुत ज़रूरी है।

**कैंसर से बचने के 5 असरदार उपाय**

दिन की शुरुआत नींबू पानी से करें

नींबू भले ही स्वाद में खट्टा हो, लेकिन जब यह शरीर में जाता है तो 'अलकलाइन बायप्रोडक्ट्स' बनाता है। इससे शरीर का pH लेवल संतुलित रहता है और एसिडिटी कम होती है। सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पीने से न केवल टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं बल्कि शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता (Immunity) भी बढ़ती है।



ग्रीन वेजिटेबल्स और सैलेड को डाइट में शामिल करें

पालक, ब्रोकली, केल, धनिया, खीरा, लौकी, करेला जैसी हरी सब्ज़ियां "सुपर-अलकलाइन फूड्स" हैं। इनमें फाइबर, आयरन, मिनरल्स और क्लोरोफिल प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं।

ये न केवल कैंसर से लड़ने में मदद करती हैं, बल्कि ब्लड प्रेशर, शुगर और मोटापे जैसी बीमारियों को भी नियंत्रित रखती हैं। सैलेड में नींबू और ऑलिव ऑयल डालकर खाना और भी फायदेमंद है। कोशिश करें कि दिन में कम से कम एक बार ग्रीन सैलेड जरूर खाएं।

प्रोसेस्ड फूड और चीनी से दूरी बनाएं

आज के दौर में सबसे बड़ा दुश्मन हमारा फूड हैबिट बन चुका है।

फास्ट फूड, सॉफ्ट ड्रिंक, रेडी-टू-ईट स्नैक्स, बेकरी आइटम्स, और एक्स्ट्रा शुगर वाले पेय पदार्थ शरीर में हाई एसिडिक एनवायरनमेंट बनाते हैं। इनसे शरीर में फैट, सूजन (Inflammation) और सेल डैमेज बढ़ता है। अध्ययनों में पाया गया है कि जो लोग रोज़ाना प्रोसेस्ड मीट, रेड मीट या ज्यादा चीनी खाते हैं, उनमें कैंसर का खतरा 40% तक बढ़ जाता है। इसलिए अगर आप सच में कैंसर से बचना चाहते हैं तो— शुगर, कोल्ड ड्रिंक, पिज़्ज़ा, बर्गर, और जंक फूड से दूर रहें। इसकी जगह फल, मेवे, नारियल पानी और सब्जियों का सूप अपनाएं।

हफ्ते में एक दिन उपवास या जल उपवास करें

"फास्टिंग" यानी उपवास शरीर को भीतर से रीसेट करने का सबसे आसान तरीका है।

जब आप हफ्ते में एक दिन जल उपवास या केवल फल-सब्ज़ी खाते हैं, तो शरीर को डिटॉक्स होने का समय मिलता है। इससे 'टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं', इम्यून सिस्टम एक्टिव होता है और सेल रिपेयर का प्रोसेस तेज होता है।

महर्षि आयुर्वेद और बाबा रामदेव दोनों ही इसे "शरीर की सफाई का प्राकृतिक उपाय" बताते हैं।

स्ट्रेस कम करें, योग और ध्यान अपनाएं

तनाव यानी Stress कैंसर के लिए छिपा हुआ खतरा है। जब हम लगातार तनाव में रहते हैं, तो शरीर में कॉर्टिसोल हार्मोन बढ़ता है, जो हमारी कोशिकाओं में असंतुलन पैदा करता है। यही असंतुलन आगे चलकर कैंसर सेल्स को सक्रिय कर सकता है। इसलिए हर दिन कम से कम 20 मिनट योग, प्राणायाम या ध्यान जरूर करें। सिर्फ "अनुलोम-विलोम" और "कपालभाति" ही शरीर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मददगार हैं।

**कैंसर से बचाव के मेडिकल उपाय**

केवल खानपान ही नहीं, कुछ मेडिकल प्रिवेंशन भी बेहद जरूरी हैं— HPV वैक्सीन: महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए। हेपेटाइटिस-B वैक्सीन: लिवर कैंसर से सुरक्षा देती है। मैमोग्राफी, लंग स्कैनिंग, कोलोनोस्कोपी जैसी नियमित जांच करवाना आदत बनाएं। अमेरिका और चीन जैसे देशों में लोगों ने नियमित स्क्रीनिंग की आदत डाल ली है, इसी वजह से वहां पिछले 30 सालों में कैंसर से होने वाली मौतें लगभग 40% तक कम हुई हैं।

# आवश्यकता


पैटर्न मास्टर स्टाफ की जरूरत है जिसको कटिंग का काम भी आता हो
जॉब लोकेशन : सोडाला
सैलरी 30K से ₹ 50,000
इसी फैक्ट्री में प्रोडक्शन मैनेजर की भी जरूरत है
सैलरी 20 से 30 हजार
Call @ 9828733222

ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए महिला फिमेल स्टाफ कोऑर्डिनेटर की जरूरत है इनकी इंग्लिश कम्युनिकेशन बहुत अच्छी हो, ज्वेलरी फील्ड का एक्सपीरियंस भी हो जिनको !
सैलरी : 25 से ₹40,000 तक
जॉब लोकेशन महापुरा और सीतापुरा जयपुर
HR @ 9828733222

फर्नीचर के काम करने वाले कारपेंटर, कारीगर और स्टाफ की जरूरत है
98287 33222
सैलरी : अनुभव हुआ काम देखने के बाद डिसाइड की जाएगी !

We Are Looking For – 3 Corel Jewellery Designer
Company Location: Mahapura, Jaipur
Experience Required: 1-3 Years
Salary: Up to ₹35,000 CTC Per month
कंपनी की तरफ से पिकअप & Drop फैसिलिटी अवेलेबल है
HR Irfan Akthar 9828733222

Urgent Requirement
(3 To 5 CCTV Camera Technician And 2 Computer Hardware & Networking Supporting Engg. )
जॉब लोकेशन : जयपुर
सैलरी 12 से ₹ 30,000
HR @ Irfan 9828733222

A Beautiful And Awesome Office Space Available In Adarsh Nagar Just in ₹ 4000 To 8000 Only. ( Boss Cabin Available ).
All Basic Amenities Are Absolutely Free With the Office Cabin
 Location @ Adarsh Nagar Jaipur
@ 9828733222

फैशन डिजाइनर स्टाफ की जरूरत है इसको मर्चेंडाइजिंग का अनुभव हो क्लाइंट्स वगैरह को मैनेज कर ले !
फीमेल स्टाफ अप्लाई करें !
इसी कंपनी में CRM स्टाफ की भी जरूरत है !
जॉब लोकेशन : सोडाला, सिविल लाइन, अजमेर रोड जयपुर
सैलरी 30 से ₹ 40- 50000 तक
Call HR @ Irfan 9828733222

कोई मिलने वाले खान साहब ( नदीम साहब - +91 89529 95291) है जिन्हें रफ से घाट, तावड़े , पोटे , और कारविन और टेबल का काम बखूबी तौर पर आता है
अल्हम्दुलिल्लाह 25 से 30 साल का इनका काम का अनुभव है, चार दरवाजा जयपुर में रहते हैं, अगर किसी की नजर में उनके लिए कोई काम हो तो बराये मेहरबानी कांटेक्ट करें, अल्हम्दुलिल्लाह बहुत बेहतरीन कारीगर है!
लिमरा फाउंडेशन
9828733222

लेडिस कपड़ों की शोरूम में महिला व पुरुष सेल्समैन व हेल्पर स्टाफ की जरूरत है!
जॉब लोकेशन चौड़ा रास्ता व सांगानेरी गेट/ सोडाला जयपुर
सैलरी : इंटरव्यू और अनुभव के अनुसार
अनुभवी स्टाफ को प्राथमिकता दी जाएगी !
9 से 11 घंटे की ड्यूटी हो सकती है
कॉल करें : HR 9828733222
निशुल्क जॉब उपलब्ध है

बहुत अर्जेंट यह सभी स्टाफ चाहिए है
CAD डिजाइनर
मैन्युअल डिजाइनर
कोरल डिजाइनर
Z ब्रश डिजाइनर के डिजाइनर जिसको सॉफ्टवेयर चलाना आता आता हो, सैलरी 20K से ₹50,000 तक जॉब लोकेशन जगतपुरा / मालवीय नगर / सीतापुरा Call HR @ 9828733222
https://chat.whatsapp.com/JxA231MGtsyK5vVkGk6WOI
Male/Female Both Can Apply

सेनेटरी और लाइटिंग के शोरूम के लिए कस्टमर हैंडल करने के लिए स्टाफ की जरूरत है!
महिला पुरुष दोनों अप्लाई कर सकते हैं एक्सपीरियंस वाले को प्राथमिकता दी जाएगी थोड़ी बहुत इंग्लिश समझ ले कस्टमर सर्विस का अनुभव हो जो कस्टमर को अच्छे से मैनेज कर सके!
जॉब लोकेशन : अजमेर रोड और मानसरोवर मेट्रो स्टेशन : जयपुर
पगार : 18 से ₹24,000 तक
HR @ इरफान अख्तर 98287 33222


# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

***लॉन्च की तारीख : 11 अक्टूबर 2014***

***उद्देश्य : भारी बारिश, प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों से किसानों को फसल बीमा प्रदान करना है***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में सत्ता में आने के बाद देश के नागरिकों के लिए बहुत सी कल्याणकारी योजनायें शुरू करी थी। जिनमें से एक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana) जिसको 18 फरवरी, 2016 को लॉन्च किया गया था। Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana किसानों के लिए शुरू की गई योजनाओं में से सबसे सफल योजना थी, जिसके तहत भारी बारिश, प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान होने पर केंद्र सरकार किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। आपदा पीड़ित किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PM Fasal Bima Yojana) के तहत प्रीमियम कैलकुलेटर का उपयोग करके अपनी प्रीमियम राशि जान सकते हैं। केंद्र सरकार सफलतापूर्वक पूरे देश में इस सरकारी योजना को चला रही है। पीड़ित किसान खरीफ और रबी की फसलों के लिए पीएम फसल बीमा योजना के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है, जिसके लिए आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन खुले हैं।

**आधिकारिक वेबसाइट : https://pmfby.gov.in/**

# पीएम स्वनिधि योजना 2020

***लॉन्च की तारीख : 18 जुलाई 2020***

उद्देश्य : प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि एक विशेष माइक्रो-क्रेडिट सुविधा योजना है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2020 से सरकार रेहड़ी और पटरी वालों को 10,000 रुपए का लोन देगी। विभिन्न क्षेत्रों में वेंडर, हॉकर, ठेले वाले, रेहड़ी वाले, ठेली फलवाले आदि सहित 50 लाख से अधिक लोगों को योजना से लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना उन्हें फिर से काम शुरू करने और अपनी आजीविका कमाने में सक्षम बनाने के लिए एक लंबा रास्ता तय करेगी।

# निष्ठा योजना शिक्षक प्रशिक्षण अभियान

***लॉन्च की तारीख : 2 सितंबर 2019***

***उद्देश्य : 42 लाख शिक्षकों के लिए फ्री ट्रेनिंग प्रोग्राम***

प्रधानमंत्री के इस शिक्षक प्रशिक्षण अभियान में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा लाखों शिक्षकों को फ्री ट्रेनिंग (HRD NISHTHA Yojana) दी जाएगी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने शिक्षकों को ट्रेनिंग देने वाली निष्ठा योजना को 22 अगस्त से देश में शुरू कर दिया है। शिक्षक प्रशिक्षण अभियान (PM NISHTHA Scheme) अपने आप में पूरी दुनिया में इकलौता ऐसा अभियान है जिसमें 42 लाख शिक्षकों को मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाएगा।निष्ठा योजना 2019 (Pradhan Mantri NISHTHA Yojana) में सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों और प्रधानाचार्य को इस सरकारी योजना में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा एससीईआरटी और डीआईईटी के सदस्यों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।भारत देश पारंपरिक रूप से शिक्षा और शिक्षकों के निर्माण में और नेतृत्व के लिए हजारों साल से जाना जाता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह सपना भी है की भारत देश को विश्व गुरु बनाना है।

**आधिकारिक वेबसाइट : https://www.india.gov.in/spotlight/nishtha**

# नई शिक्षा नीति 2020

***लॉन्च की तारीख : 30 जुलाई 2020***

उद्देश्य : नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 सरकार ने कई बदलाव किए हैं। जैसे की इस नई एजुकेशन पॉलिसी से स्कूल से कॉलेज स्तर तक शिक्षा प्रणाली में कई बदलाव आयेंगे जो आज तक नहीं देखने को मिले। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के अनुसार नई शिक्षा नीति 2020 में स्कूल एजुकेशन से लेकर हायर एजुकेशन (Graduation & Post Graduation) तक कई बड़े बदलाव किए गए हैं। उन्होने प्रेस वार्ता में बताया की हायर एजुकेशन के लिए सिंगल रेगुलेटर रहेगा जिसमें लॉ और मेडिकल एजुकेशन को शामिल नहीं किया गया है। नई शिक्षा नीति से उच्च शिक्षा में 2035 तक 50 फीसदी GER पहुंचने का लक्ष्य रखा है।नई शिक्षा नीति 2020 में पढ़ाई की रुपरेखा या फिर पाठ्यक्रम 5 + 3 + 3 + 4 के आधार पर तैयार किए जाएंगे। इसमें अंतिम 4 वर्ष 9वीं से 12वीं शामिल हैं। अब अगर कोई छात्र या छात्रा कक्षा 6 से ही नए कौशल (जैसे कोडिंग, मैनेजमेंट, रिसर्च, डेव्लपमेंट) को सीखना चाहता है तो कर सकता है इसके साथ ही शारीरिक और मानसिक विकास के लिय एक्सट्रा कैरिकुलर एक्टिविटीज को मेन कैरिकुलम में शामिल किया जाएगा।

# कृषि पर्यवेक्षकों पर जानलेवा हमला, 24 घंटे में गिरफ्तारी न होने पर कार्य बहिष्कार को चेताया



सुकेत (रॉयल पत्रिका)। क्षेत्र में कृषि पर्यवेक्षकों पर हुए प्राणघातक हमले को लेकर कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिति ने प्रशासन के खिलाफ रोष जताया है। संगठन ने आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं होता है तो जिले के सभी कृषि पर्यवेक्षक और सहायक कृषि अधिकारी पेनडाउन हड़ताल कर राजकार्य का बहिष्कार करेंगे। इस मामले में ज्ञापन देते हुए बताया कि घटना 31 अक्टूबर की सुबह लगभग साढ़े 9 बजे की है। कृषि पर्यवेक्षक भगवान प्रसाद मीणा और कैलाशचंद मीणा हेमलखेड़ी में कृषि यंत्र का भौतिक सत्यापन कर रामगंजमंडी ग्रामीण सेवा शिविर लौट रहे थे। इसी दौरान ईश्वर मीणा और कालूलाल मीणा ने घात लगाकर उन पर लाठी से वार किया, जिससे दोनों पर्यवेक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हमले के विरोध में कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर, एसपी और संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार जिला परिषद कोटा को ज्ञापन दिया। उन्होंने हमले के सात दिन बीत जाने केफसले बुआई के पीक सीजन के बीच कार्मिकों में असुरक्षा का माहौल संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में फसल बुआई का महत्वपूर्ण सीजन चल रहा है। इस दौरान किसानों को खाद-बीज वितरण, फसल बीमा, प्रयोग एवं प्रदर्शन मिनीकिट वितरण और अन्य विभागीय अनुदान का कार्य बाधित हो सकता है। अपराधियों को 24 घंटे में गिरफ्तार नहीं किया गया तो कार्य का बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान कृषकों के अनुदान में बाधा उत्पन्न होती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। संगठन के पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि वे किसान हित में नियमानुसार राजकार्य कर रहे हैं। हमलावरों की गिरफ्तारी न होने से कार्मिकों में असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों पर सख्त धाराओं में कार्रवाई करने और उन्हें भयमुक्त कार्य व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने की बात कही। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष प्रभुलाल धाकड़, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सोलंकी, जिला महामंत्री गोविंद नागर, शेख आदि मौजूद रहे ।

# दरा की नाल के पास 10 करोड़ से रेलवे अंडरब्रिज का कार्य शुरू

## -पांच माह में पूरा करने का लक्ष्य, जाम से मिलेगी राहत



सुकेत (रॉयल पत्रिका)। क्षेत्र में दरा की नाल में चली आ रही जाम की समस्या से अगले 5 महीनों में राहत मिलेगी। स्थाई समाधान के लिए कोटा-झालावाड़ मार्ग पर यातायात सुगम बनाने के लिए नया रेलवे अंडरब्रिज यानी (आरयूबी) बनाने का काम शुरू हो गया। इस पर करीब 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे। दरा की नाल क्षेत्र में आए दिन जाम के हालत बनते हैं। इसके चलते कई वर्षों से क्षेत्रवासी स्थाई समाधान की मांग कर रहे थे। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 28 अक्टूबर को ही रामगंजमंडी दौरे के दौरान क्षेत्रवासियों को एक सप्ताह के भीतर आरयूबी का कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया था। इसके बाद गुरुवार को नाल के समीप कार्य शुरू कर दिया गया। पहले दिन जेसीबी से निर्माण के स्थान पर सफाई का कार्य शुरू किया है। कार्य के लिए वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है। आरयूबी का कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग (एनएच खंड) के क्षेत्र में मुकंदरा टाइगर रिजर्व के बीच से गुजर रहे नेशनल हाइवे 52 पर बीच में टू लेन रोड है। जबकि, टाइगर रिजर्व से झालावाड़ की ओर कमलपुरा से लेकर तीन धार तक और दूसरी तरफ दरा स्टेशन से लेकर कोटा तक फोर लेन बन चुका है। कमलपुरा से टाइगर रिजर्व होते हुए दरा स्टेशन पर केवल टू लेन रोड होने से भारी ट्रैफिक के चलते आए दिन जाम के हालात बनते हैं। इस दौरान सबसे अधिक समस्या यहां टनल व रेलवे पुलिया के पास आती है। नाल में रेलवे पुलिया के यहां एक समय में एक वाहन ही निकल सकता है। ऐसे में इसके समीप वाहन खराब होने व बारिश के दौरान टनल में दोनों ओर के वाहनों की आवाजाही होने से यहां पर वाहन धीमी गति से निकलते हैं। इससे जाम के हालात बनते हैं। साथ ही यहां 8 लेन के ट्रैफिक का दबाव भी बना हुआ है। इस कारण पिछले 3 वर्षों से हालात अधिक बिगड़े हुए हैं। यहां लगातारजाम में अब तक 1 मासूम और दो लोगों जाम में फंसने के कारण अब तक 3 मौतें हो चुकी हैं। इसमें डेढ़ वर्ष का मासूम भी शामिल है। एनएच 52 पर दरा जाम में फंसने से खैराबाद निवासी अमीन टेलर (55) की मौत हो गई है। 24 फरवरी को भटवाड़ा के डेढ़ वर्षीय हरिओम जाम के कारण समय पर अस्पताल नहीं पहुंचा और रास्ते में ही दम तौड़ दिया। इसी प्रकार 9 फरवरी को इतना ही नहीं, इससे पूर्व जनवरी में एक गंभीर मरीज को झालावाड़ से कोटा लेकर जाने के दौरान एंबुलेंस जाम में फंस गई थी। इससे की नाल में जाम की समस्या के समाधान के लिए एनएचीएआई, पीडब्ल्यूडी और आरएसआरडीसी ने पाया। इससे पूर्व वर्ष 2024 में 29 जुलाई को राज्य सरकार की घोषणा में दरा टनल के दूसरी ओर अलग-अलग स्तर पर प्रयास किए थे। इसके तहत 1 महीने पूर्व भटवाड़ा का निर्माण पूरा कर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। रियासतकालीन पुलिया को भी अस्थाई रूप से ट्रैफिक के लिए खोला गया था। लेकिन स्थाई समाधान नहीं मिल अंडरपास बनाने के लिए 15 करोड़ की घोषणा की गई थी। इसके बाद प्रक्रिया शुरू कर उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजे गए थे, लेकिन इसके बाद कार्य शुरू नहीं हो पाया था। ऐसे में अब आरयूबी का कार्य शुरू किया गया है। लोगों को राहत मिलेगी।

# रामगंज मंडी के वरिष्ठ पत्रकार साबिर भाई परिवार सहित उमरा पर रवाना हुए

**डॉ. तोहिद**



सुकेत (रॉयल पत्रिका)। रामगंजमंडी के प्रख्यात वरिष्ठ पत्रकार साबिर भाई अपने परिवार सहित उमराह की पवित्र यात्रा के लिए शुक्रवार को सऊदी अरब के लिये शाम 6 बजे जयपुर सुपरफास्ट ट्रेन से मुंबई के लिए रवाना हुए, जहाँ से वह रविवार सुबह 9 बजे जद्दा सऊदी अरब के लिए उड़ान भरेंगे। उनके साथ पत्नि नजमा बी पुत्रि शरमीन एवं भाई सरफराज मोहम्मद व उनकी पत्नि सबीना बी भी गई है इस मौके पर उनके साथियों, मित्रों और शुभचिंतकों ने रेल्वे स्टेशन पहुँचकर उन्हें विदा किया और शुभकामनाएँ वी बधाईयाँ दीं। सभी ने दुआ की कि यह यात्रा सफल, हो पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि "साबिर भाई सदैव पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहे हैं, और उनकी यह पवित्र यात्रा हमारे लिए गर्व का विषय है।"

# लापरवाही बरतने पर बीएलओ निलंबित, 4 को 16 सीसीए के नोटिस

**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका) । जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) रोहिताश्व सिंह तोमर ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अन्तर्गत कार्य में लापरवाही बरतने पर रविवार को विधानसभा क्षेत्र किशनगंज के भाग संख्या 72 के बूथ लेवल अधिकारी सुमेश कुमार वर्मा विद्यालय सहायक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांकड़दा को निलंबित कर दिया है। वहीं 4 बीएलओ के विरूद्ध 16 सीसीए के अन्तर्गत नोटिस जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के अनुसार कार्मिक द्वारा अभी तक परिगणना प्रपत्र वितरत नहीं किए गए हैं। इस संबंध में सुपरवाईजर द्वारा बार-बार हिदायत देने के बावजूद भी गणना प्रपत्र वितरित नहीं किए गए जिससे परिगणना प्रपत्र की वितरण की प्रगति शून्य रही है। कार्मिक सुमेश कुमार वर्मा को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलम्बन काल के दौरान कार्मिक का मुख्यालय नियंत्रण कक्ष जिला निर्वाचन कार्यालय बारां के कमरा नं. 22 में किया गया है। कार्मिक को निलम्बन काल में नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा। वहीं के बावजूद बीएलओ ऐप पर मैपिंग नहीं करने पर भाग संख्या 219 के बीएलओ सुमेर सिंह चौधरी अध्यापक राउमावि चोराखाड़ी, भाग संख्या 238 कैलाश चंद मेहता अध्यापक राउप्रावि मझोला, भाग संख्या 141 के राम हरीश मीणा अध्यापक राउप्रावि धतुरिया, भाग संख्या 231 के कुडाराम सहरिया अध्यापक राप्रावि बसेली के विरूद्ध लापरवाही बरतने पर 16 सीसीए के अन्तर्गत नोटिस दिए गए हैं।

# 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी लखनऊ में राजस्थान को प्रथम लाने के लिए कर रहे स्काउट गाइड कड़ी मेहनत



बारां (रॉयल पत्रिका)। भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय के तत्वावधान में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ में राजस्थान प्रदेश की ओर से फिजिकल डिस्प्ले की प्रतियोगिता हेतु बारां जिले के स्काउट गाइड कोटा मंडल के सहायक राज्य संगठन आयुक्त दिलीप कुमार माथुर के सानिध्य में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। आज तैयारी शिविर के द्वितीय दिवस कोरियोग्राफर यश शर्मा ने महाराणा प्रताप की जीवनी पर कई तरह के प्रदर्शन सिखाते हुए स्काउट गाइड ने बड़े ही जोश के साथ फिजिकल डिस्प्ले की तैयारी कराई। जिला संगठन आयुक्त प्रदीप चित्तौड़ा एवं सुनीता मीणा ने संयुक्त रूप से बताया कि 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेने के लिए बारां जिले से छ स्काउट पेट्रोल तीन गाइड पेट्रोल भाग लेंगे, जिसमें लगभग 72 स्काउट गाइड होंगे। फिजिकल डिस्प्ले के प्रभारी अमजद यूसुफी ने राजस्थान को प्रथम लाने के लिए स्काउट गाइड को महाराणा प्रताप की जीवनी के बारे में बताते हुए इसी तरह से आपको भी वहां पर मेहनत करनी है इसका आवाहन किया। तैयारी शिविर में सहयोग के लिए कोटा मंडल के सर्कल ऑर्गनाइजर बृज सुंदर मीणा ने भी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए स्काउट गाइड का जोश बढ़ाया। चित्तौड़ा ने बताया कि राज्य के राज्य संगठन आयुक्त पूरण सिंह शेखावत ने आज ऑनलाइन तैयारी को देखकर संतुष्टि व्यक्त की। फिजिकल डिस्प्ले की तैयारी शिविर हेतु राज्य के राज्य सचिव पीसी जैन ने सराहना करते हुए कहा कि वास्तव में बारां जिले के स्काउट गाइड गुणात्मक स्तर पर भी सर्वोत्तम कार्य करते रहे हैं उन्होंने सभी स्काउट गाइड को ऑनलाइन जुड़ते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। तैयारी शिविर में महेश सेन छोटू लाल सुमन कमलेश मीणा लक्ष्य गोयल सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# अंता विधानसभा उपचुनाव-2025

# चुनाव के लिए होंगे मतदान दल रवाना



बारां (रॉयल पत्रिका)। स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की प्रतिबद्धता के साथ विधानसभा उपचुनाव 2025 के तहत 11 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए सोमवार को मतदान दल निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए कूच करेंगे। इसके लिए विधानसभा क्षेत्र में 268 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। रवानगी से पहले मतदान दलों को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मैदान में अंतिम प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षण स्थल पर विशाल पाण्डाल बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि मतदान दलों को सुबह 8 बजे प्रशिक्षण देकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। रवानगी से पूर्व उन्हें मतदान दिवस पर की जाने वाली गतिविधियों, महत्वपूर्ण नियमों, सावधानियों व निर्देशों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके पश्चात मतदान दल प्रशिक्षण स्थल से मतदान सामग्री प्राप्त कर आवंटित वाहन से पुलिस बल, वीडियोग्राफर व माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार चैक पोस्ट पर एन्ट्री कराते हुए संबंधित मतदान केन्द्र पर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र व भयमुक्त माहौल में मतदान को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। प्रशिक्षण स्थल पर मतदान दलों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क, शीतल पेयजल आदि की उपलब्धता रहेगी। प्रशिक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक सहित निर्वाचन से संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

**प्रचार का शोर थमा-**

विधानसभा उपचुनाव 2025 के तहत मतदान समाप्ति समय से 48 घंटे पूर्व रविवार शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार का शोर थम गया है। इन 48 घंटों की अवधि में सार्वजनिक सभाओं को प्रतिबंधित किया गया है। इस अवधि में जुलूस, चलचित्र, टेलीविजन या अन्य माध्यमों से प्रचार नहीं किया जा सकेगा। साथ ही लाउडस्पीकरों के माध्यम से भी प्रचार वर्जित रहेगा। वहीं इस अवधि में कोई भी राजनैतिक व्यक्ति जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या अभ्यर्थी नहीं है अथवा सांसद या विधायक नहीं है, वह उस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने के पश्चात् नहीं ठहर सकेगा।

# बीडी श्रमिक बच्चों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति ऑनलाइन आवेदन तिथि बढ़ी

बारां (रॉयल पत्रिका)। भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय श्रम कल्याण संगठन अजमेर क्षेत्र द्वारा बीडी श्रमिकों के नियमित अध्ययनरत बच्चों की पोस्ट मेट्रिक ऑनलाइन आवेदन छात्रवृति हेतु तिथि को 31 अक्टूबर से बढाकर 15 नवंबर कर दिया गया है। ऑनलाइन आवेदन छात्रवृति के लिए पोस्ट मेट्रिक कक्षा हेतु अब 15 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। केंद्रीय आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बारां प्रभारी डॉ. एमसी शर्मा ने बताया कि अब तक जिन बच्चों ने आवेदन नहीं किया है वह 15 नवंबर तक पोस्ट मेट्रिक कक्षा हेतु एनएसपी पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# अधिक से अधिक मतदान की अपील

## -वोट वृक्ष और दीपदान का आयोजन कर मतदाताओं को किया गया जागरूक



बारां (रॉयल पत्रिका)। जिला निर्वाचन अधिकारी कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर एवं सीईओ राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशानुसार अंता विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सतरंगी सप्ताह के सप्तम दिवस को लालच पर होगी चोट, सोच समझ कर करेंगे वोट की थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत सीसवाली स्थित माता भगवती देवी देव संस्कृति महिला महाविद्यालय के ईएलसी सदस्यों ने वोट वृक्ष सजाया, जिस पर जागरूकता संबंधी स्लोगन लगाकर लाइटिंग की गई। इस अवसर पर स्वीप सह प्रभारी अमित भार्गव ने उपस्थित जन को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भीक होकर मतदान करने का संकल्प कराया एवं सभी से लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान करते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही निर्वाचन संबंधित ऑनलाइन एप्लीकेशंस की जानकारी भी दी गई एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम जानने तथा मतदान केंद्र की जानकारी प्राप्त करने के बारे में बताया गया वहीं सीविजिल ऐप के द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन या राजनीतिक कदाचार की गतिविधियों की शिकायत कर 100 मिनट में समाधान पाने की प्रक्रिया बताई गई।

स्वीप सह प्रभारी एवं एएओ महेश कुमार छंदक ने मतदाताओं के साथ सीसवाली खाड़ी के तट पर मतदाताओं में जागृति लाने के उद्देश्य से दीपदान किया गया एवं मतदाताओं को मतदान दिवस 11 नवंबर पर मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए बनाई गई रंगोली को दीपों से सजाया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. डॉली माहेश्वरी, स्वीप सदस्य रामचरण मीणा, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में मतदाता मौजूद रहे।

# चौमूं में नशे पर वार: दो तस्कर हत्थे चढ़े, स्मैक सहित गिरफ्तार




चौमूं (रॉयल पत्रिका)। पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे "ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान" के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 21.98 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। एसआई अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान भोजलावा रोड पर संदिग्ध हालात में घूम रहे दो व्यक्तियों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध स्मैक मिली। पूछताछ में आरोपियों की पहचान राहुल चौधरी (20) पुत्र हनुमान सहाय जाट निवासी कुशलपुरा_बांसा_ सामोद और रामस्वरूप शर्मा (27) पुत्र जगदीश शर्मा निवासी भीलपुरा अनोपपुरा के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी लंबे समय से अवैध नशे का कारोबार कर रहे थे। वे चौमूं और आसपास के क्षेत्रों में स्मैक की सप्लाई देते थे। पुलिस ने मौके से आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी बाहरी राज्यों से नशे का माल मंगाकर स्थानीय स्तर पर बेचते थे। अब पुलिस इनसे जुड़े अन्य सप्लायरों और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

# गीतांजली डेंटल एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट, उदयपुर में राष्ट्रीय मैक्सफैक स्किल कोर्स का आयोजन




उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली डेंटल एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट (GDRI), उदयपुर के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग द्वारा राष्ट्रीय मैक्सफैक स्किल कोर्स का सफल आयोजन जीएमसीएच स्किल लैब में किया गया। यह इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का लगातार चौथा संस्करण था, जिसका उद्देश्य युवा ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जनों में क्लिनिकल उत्कृष्टता और सर्जिकल दक्षता को प्रोत्साहित करना था। दो दिवसीय हैंड्स-ऑन कोर्स में देशभर के विभिन्न डेंटल संस्थानों से आए 80 पीजी छात्रों और चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का फोकस मैक्सिलोफेशियल और आपातकालीन शल्य चिकित्सा स्थितियों के प्रबंधन के लिए आवश्यक शल्य कौशल और प्रक्रियात्मक विशेषज्ञता के विकास पर था। डॉ. रामकांत रेड्डी दुब्बुडु, कंसल्टेंट, एआईजी हॉस्पिटल, हैदराबाद ने कोर्स डायरेक्टर के रूप में कार्य किया और इंजेक्शन, आईवी लाइन एवं ब्लड सैंपलिंग पर विस्तृत सत्र लिया। डॉ. शालू बंसल, प्रोफेसर एवं प्रमुख, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग, गीतांजली डेंटल एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट, उदयपुर ने कोर्स कन्वीनर के रूप में ट्रेकियोस्टॉमी केयर पर सत्र संचालित किया।

**कार्यक्रम की विशिष्ट फैकल्टी में शामिल थे-**

डॉ. अल्का छाबड़ा, प्रोफेसर एवं प्रमुख, एनेस्थीसियोलॉजी विभाग, गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट, उदयपुर – एंडोट्रेकियल इंट्यूबेशन, डॉ. प्रिया दर्शिनी कौशिक, प्रोफेसर, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग, आर.आर. डेंटल कॉलेज, उदयपुर – जनरल सर्जिकल स्किल्स, डॉ. खालिद मोहम्मद अघवानी, प्रोफेसर एवं प्रमुख, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग, दर्शन डेंटल कॉलेज, उदयपुर – आर्टिफिशियल एयरवेज और वेंटिलेशन, डॉ. जोआना बैपटिस्ट, एसोसिएट प्रोफेसर, मणिपाल कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, मैंगलोर – स्यूचरिंग तकनीक और सर्जिकल नॉट टाईंग, डॉ. विद्या देवी, कंसल्टेंट, हैदराबाद – यूरीनरी कैथेटराइजेशन और नासोगैस्ट्रिक ट्यूब इंसर्शन, डॉ. विसालाक्षी डी, गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, हैदराबाद – सर्जिकल ड्रेन्स और वूंड केयर अवसर पर डॉ. बालाजी मनोहर, प्रिंसिपल, गीतांजली डेंटल एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट ने कहा कि स्नातकोत्तर शिक्षा में संरचित कौशल आधारित प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मैक्सफैक स्किल कोर्स की निरंतर सफलता की सराहना की, जिसने सिद्धांत और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की दूरी को कम किया है। प्रतिभागियों ने अनुभवी राष्ट्रीय फैकल्टी के मार्गदर्शन में सीखने और आपातकालीन प्रबंधन कौशल में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के अवसर की सराहना की। कार्यक्रम का समापन प्रमाणपत्र वितरण और फैकल्टी सदस्यों को सम्मान स्वरूप उपहार प्रदान कर किया गया। आयोजकों ने इस शैक्षणिक पहल को आगे भी जारी रखने और ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# चौमूं में युवक ने पेश की मिसाल

## -सवारी गाड़ी में मिला सोने का मंगलसूत्र पुलिस को लौटाया



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। चौमूं शहर में रविवार दोपहर एक युवक ने ईमानदारी की अनूठी मिसाल पेश की। स्थानीय निवासी विजयपाल भावरिया को सवारी गाड़ी में एक सोने का मंगलसूत्र मिला, जिसे उन्होंने बिना किसी लालच के चौमूं थाने में जमा करा दिया। जानकारी के अनुसार, विजयपाल चंदवाजी-चौमूं मार्ग पर चलने वाली एक सवारी गाड़ी में सफर कर रहे थे। यात्रा के दौरान उन्हें सीट के नीचे सोने का मंगलसूत्र मिला। विजयपाल ने तत्काल गाड़ी चालक को इसकी जानकारी दी। इसके बाद दोनों ने मिलकर मंगलसूत्र पुलिस को सौंप दिया। थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा ने विजयपाल की ईमानदारी की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम समाज के लिए एक सकारात्मक उदाहरण है। उन्होंने विजयपाल और गाड़ी चालक दोनों का आभार जताया।

# राजस्थान में 15 मौतों पर SC ने लिया स्वत: संज्ञान

## -PIL दर्ज, 10 नवंबर को होगी सुनवाई; फलोदी में ट्रक से टकराया था टेंपो ट्रेवलर

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। फलोदी जिले के मतोड़ा में 2 नवंबर को हुए भीषण सड़क हादसे पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: (स्वप्रेरणा से) संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका (PIL) दर्ज की है। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 10 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने 6 नवंबर को इस पर स्वप्रेरणा से संज्ञान लिया। कोर्ट के निर्देश पर दर्ज की गई इस PIL पर 10 नवंबर को प्रारंभिक सुनवाई होगी। इससे पहले 4 नवंबर को राजस्थान हाईकोर्ट ने भी राज्य में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर स्वप्रेरणा से PIL दर्ज की थी। जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्रसिंह भाटी और जस्टिस अनुरूप सिंघी की पीठ ने रोड एंड पब्लिक सेफ्टी को लेकर PIL दर्ज की। हाईकोर्ट ने कहा था कि हाल की घटनाओं ने अदालत को सड़क सुरक्षा की तात्कालिकता पर जोर देने के लिए मजबूर किया है।

**सड़क सुरक्षा पर हाईकोर्ट की चिंता-**

राजस्थान हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है। 5 वकीलों को न्याय मित्र नियुक्त करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के नियामक ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस कदमों का सुझाव देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार का हवाला देते हुए कहा था कि अदालत एक निष्क्रिय दर्शक नहीं रह सकती जब ऐसी टालने योग्य घटनाएं लगातार जीवन के अधिकार को कमजोर करती रहें। राजस्थान में पिछले कुछ हफ्तों में सड़क हादसों में 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

**भारत माला एक्सप्रेस-वे पर हुआ था हादसा-**

दरअसल, 2 नवंबर की शाम भारत माला एक्सप्रेस-वे पर मतोड़ा थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं की टेंपो ट्रैवलर एक ढाबे के सामने गलत तरीके से खड़े किए गए ट्रक में जा घुसी। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो ट्रैवलर पूरी तरह बिखर गई और अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में 10 महिलाएं, 4 बच्चे और टेंपो का ड्राइवर सहित 15 लोगों की मौत हो गई थी। गाड़ी सवार सभी लोग जोधपुर से बीकानेर तीर्थयात्रा करने गए थे। जोधपुर लौटते समय उनकी गाड़ी ट्रक से टकरा गई थी।

# किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य को हाई वोल्ट करंट का झटका बंद हुए हार्ट को सीपीआर इलेक्ट्रिक शॉक देकर दी नई जिंदगी- डॉ. एम. एम. पुकार



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर किषोर न्याय बोर्ड सदस्य ताराचंद सैनी को लगा हाई वोल्ट करंट का झटका मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार के नेतृत्व में इमरजेंसी की टीम ने बेस्ट वर्क देकर बचाई जान, बंद हुए हार्ट को सीपीआर व इलेक्ट्रीक शॉक देकर दी नई जिंदनी चूरू। शहर के नया बास में रहने वाले किषोर न्याय बोर्ड सदस्य ताराचंद सैनी को किसी मजदूर की सहायता करते समय हाई वोल्ट 11 हजार लाइन का करंट लग गया। जिससे 45 वर्षीय ताराचंद की हालत अत्यंत गंभीर हो गयी। जिसको निजी वाहन से मौके पर मौजूद लोगों ने डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया। जहां कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार के नेतृत्व में डॉ. व नर्सिंग स्टाफ ने बेहतर ईलाज देते हुए उसकी जान बचाकर नया जीवनदान दिया हैं। सैनी को तुरन्त गंभीर हालत में मेडिसिन आईसीयू में भर्ती किया गया। जहां उसको वेंटीलेटर पर लिया गया। फिलहाल सैनी की स्थिति में काफी सुधार हैं। गुरूवार दोपहर उन्हें वेंटीलेटर से हटाया गया हैं। मामले में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सैनी ने बताया कि उसका भाई ताराचंद सैनी मौहल्ले में बालाजी मंदिर के कार्यक्रम में टेंट का काम करने वाले किसी मजदूर की मदद कर रहे थे। इसी दौरान ताराचंद को हाई वोल्ट 11 हजार लाइन का करंट का झटका लगा। इनके साथ मजदूर भी झुलस गया। दोनों को निजी वाहन से इमरजेंसी वार्ड लाया गया। जहां से हादसे की सूचना प्रिंसिपल डॉ. पुकार को दी गयी। जिसने तुरन्त अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। तब रोगी अचेत हालत में था। जिसका हार्ट भी काम नहीं कर रहा था। जिसकी ईसीजी स्टेट लाइन थी। ऑक्सीजन लेवल और ब्लड प्रेषर भी शून्य था। मगर डॉ. पुकार ने टीम के साथ मिलकर खुद ने सीपीआर दिया। वहीं दो बार डीसी दिया गया। रोगी की बिगड़ती हालत को देखकर एंसथेसिया डॉ. को कॉल किया गया। मगर रोगी की बिगड़ती हालत को देखते हुए डॉ. पुकार ने ही रोगी को एंटीव्यूट कर दिया। जिसके बाद रोगी के हार्ट ने काम करना शुरू कर दिया। इसके बाद रोगी को तुरन्त मेडिसिन आईसीयू में षिफ्ट किया गया। जहां उसे वेंटीलेटर पर लिया गया। मगर वहां भी टीम के साथ मिलकर मॉनिटरिंग की। जिसकी बदोलत गुरूवार सुबह रोगी की हालत में काफी सुधार आया। दोपहर तक उसे वेंटीलेटर से हटा दिया गया। फिलहाल वह नार्मल ऑक्सीजन पर हैं। टीम की मेहनत रंग लायी नया बास निवासी ताराचंद सैनी भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सैनी ने के छोटे भाई हैं। मामले में नरेन्द्र सैनी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. पुकार के नेतृत्व में टीम वर्क किया गया। जिसकी बदौलत आज उसके छोटा भाई को नया जीवनदान मिला हैं। उन्होंने इसके लिए अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड स्टाफ का आभार जताया। मौके पर भी दिया गया सीपीआर डॉ. पुकार ने बताया कि ताराचंद सैनी को करंट लगने के बाद कमांडो सुरेन्द्र कस्वां व एसआई रामजीलाल ने तुरन्त सीपीआर दिया। जिसके तुरन्त पांच मिनट में इमरजेंसी वार्ड पहंचाया। सुरेन्द्र कस्वां व रामजीलाल के द्वारा दिया गया सीपीआर ताराचंद सैनी के लिए संजीवन बूटी का काम किया।

**डॉ. पुकार ने की टीम की प्रषंसा-**

इस मामले में डॉ. पुकार व अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चोधरी ने आपातकालीन रिस्पांस टीम अभियान के तहत इमरजेंसी वार्ड में रोगी को लाये जाने के दौरान अस्पताल अधीक्षक, अति. प्रधानाचार्य डॉ. रमाकान्त वर्मा, डॉ. मनोज फोगावट, डॉ. सरोज, डॉ. जेनूअल, डॉ. युवराज, नर्सिंग आफिसर मुकेष कांटीवाल व नरेन्द्र दाधीच की इस कार्य के लिए प्रंषसा की। सीपीआर के लिए देंगे प्रषिक्षण डॉ. पुकार ने बताया कि आपात स्थिति में हम रोगी को सीपीआर देकर उसकी जान बचा सकते हैं। इसके लिए मेडिकल कॉलेज प्रषासन के द्वारा समय समय पर सीपीआर प्रषिक्षण दिया गया हैं। उन्होंने आह्वान किया कि कोई भी संस्थान, सार्वजनिक संस्थान, निजी संस्थान व पुलिसकर्मी आदी जनसेवार्थ सीपीआर का प्रषिक्षण लेना चाहते है तो वे कॉलेज में प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार से संपर्क कर सकते हैं।

# गीतांजलि डेंटल में GDRI स्माइल उदयपुर पहल का आगाज़



उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजलि डेंटल एण्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट, उदयपुर द्वारा "GDRI स्माइल उदयपुर पहल" का शुभारंभ 7 नवम्बर, राष्ट्रीय टूथ ब्रशिंग दिवस के अवसर पर किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उदयपुर की जनता के मौखिक स्वास्थ्य में सुधार लाना है। इस अवसर पर हिरण मगरी सेक्टर-4 स्थित, ज्ञान मन्दिर विद्यालय, में एक व्यापक मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 586 विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया। विद्यार्थियों को दाँत ब्रश करने की सही विधि सिखाई गई, ताकि वे कम उम्र से ही मौखिक स्वच्छता की सही आदतें विकसित कर सकें। गीतांजलि डेंटल के प्राचार्य, डॉ. बालाजी मनोहर ने बताया कि GDRI स्माइल उदयपुर पहल के अन्तर्गत गीतांजलि डेंटल द्वारा उदयपुर की जनता के लिए नियमित मौखिक स्वास्थ्य गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि गीतांजलि डेंटल एण्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट अपनी अनुभवी विशेषज्ञ टीम के साथ उदयपुरवासियों के मुख स्वास्थ्य की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभा रहा है। विद्यालय की प्राचार्या लीला पालीवाल ने इस पहल की सराहना की एवं ज्ञान मंदिर स्कूल के डायरेक्टर गजानन जी असावरा ने गीतांजलि डेंटल से एमओयू साइन किया तथा कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों में दंत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी हैं। इस अवसर पर डॉ. मृदुला टाक, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. श्रुति शर्मा तथा नितिन गोस्वामी ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सक्रिय योगदान दिया।

# शहर वासियों के लिए सैटेलाइट अस्पताल गढ़ परिषद से राहत की खबर



**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर गढ़ स्थित सेटेलाइट अस्पताल में पिछले 22 दिनों से जारी धरने के फलस्वरूप सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा धरना स्थल पहुंचे और तुरंत प्रभाव से आरजीएचएस सुविधा को प्रारंभ किया गया है। अब सेवानिवृत कर्मचारियों को यहां चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकेगी साथ ही आगामी तीन दिनों में यहां खून जांच, यूरिन जांच, शुगर जांच, बीपी जांच की सुविधा शुरू होने का आश्वासन मिला है। एक महीने में सोनोग्राफी और एक्सरे की सुविधा शुरू होने का आश्वासन भी दिया गया है। अनेक संघठनों और समाज सेवको द्वारा इस प्रकरण कों संबंधित उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाकर इसको क्रियान्वित करवाने में धरना स्थल पर बैठे सत्यनारायण व्यास ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# विश्व रेडियोग्राफी दिवस राज्य समारोह उदयपुर में आयोजित

## -प्रांतीय चुनावों में अनिल कुमार कुमावत अध्यक्ष एवं दुर्गेश सैन बने प्रदेश महासचिव




उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। झीलों की नगरी उदयपुर में आयोजित विश्व रेडियोग्राफी राज्य स्तरीय समारोह शनिवार को कृषि महाविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के आयोजक मनोज सक्सेना अधीक्षक रेडियोग्राफर उदयपुर ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि फूल सिंह मीना विधायक उदयपुर विशिष्ट अतिथि डॉ अरविंद शुक्ला प्रोफेसर रेडियो फिजिक्स डिपार्टमेंट डॉ. एन के राठौर विभागाध्यक्ष रेडियोथेरेपी आर एन टी मेडिकल कॉलेज उदयपुर डॉ. संजय गांधी कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जन एवं डॉ. राम अवतार सैनी आर्थोपेडिक सर्जन गीतांजलि मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल उदयपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष वकी अहमद एस एम एस मेडिकल कॉलेज जयपुर द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में चिकित्सा विकिरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक फूल सिंह मीना द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ ही एक्सरे के जनक सर डब्ल्यू सी रोजन की प्रतिमा पर माल्यापन किया एवं सभी रेडियोग्राफर को विश्व रेडियोग्राफी दिवस की बधाई देते हुए कार्य के प्रति सतर्कता बरतने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथियों द्वारा विकिरण सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर व्याख्यान दिए कार्यक्रम के अंत में राजस्थान रेडियेशन टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन संघ के प्रदेश स्तरीय चुनाव हुए जिसमें अनिल कुमार कुमावत निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए तथा प्रदेश महासचिव पद पर दुर्गेश सैन जयपुर बहुमत से विजय हुए तत्पश्चात मुख्य चुनाव अधिकारी देवेंद्र सिंह जादौन सेवानिवृत अधीक्षक रेडियोग्राफर जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर तथा उजागर सिंह मेडिकल कॉलेज कोटा द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई मंच संचालन महेश दुबे वरिष्ठ रेडियोग्राफर मेडिकल कॉलेज कोटा ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन अध्यक्ष मनोज सक्सेना अधीक्षक रेडियोग्राफर उदयपुर द्वारा राजस्थान के विभिन्न जिलों से पधारे रेडियोग्राफर को स्मृतिचिन्ह भेंट किया गए।

# स्काउट-गाइड शिविर में सीखे हुए का करें व्यावहारिक प्रयोग- सुराणा

## -जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया स्काउट एंड गाइड के राज्य पुरस्कार अनुशंसा शिविर का अवलोकन



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर स्काउट एंड गाइड के राज्य पुरस्कार अनुशंसा शिविर का अवलोकन किया तथा स्काउट-गाइड से रूबरू होते हुए संवाद किया। इस अवसर पर सुराणा ने स्काउट व गाइड के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्काउट एंड गाइड कैंप जैसी गतिविधियां युवाओं को नकारात्मकता से दूर रखती हैं। स्काउट व गाइड शिविर की गतिविधियां अनुशासन और कर्तव्यपरायणता का विकास करती हैं और आत्मविश्वास सुदृढ़ होता है। उन्होंने कहा कि स्काउट - गाइड यहां सीखे गए अनुभवों का व्यावहारिक प्रयोग करें तथा सामाजिक उन्नयन में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने स्काउट एंड गाइड शिविर के दौरान गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी ली तथा विद्यार्थियों से संवाद भी किया। इस मौके पर सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने भी विचार व्यक्त किए। स्काउट सीओ महिपाल सिंह ने व्यवस्थाओं तथा शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में कुल 326 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। शिविर में अनुशंसा प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्यपाल द्वारा प्रमाण—पत्र प्रदान किया जाएगा।

# सांचौर में नर्मदा नहर पर सुरक्षा के इंतजाम अधूरे, हर साल डूबने से होती हैं मौतें

## -अधिकांश मामले आत्महत्या के, कुछ मौतें दुर्घटना से



सांचौर (रॉयल पत्रिका) । सांचौर में नर्मदा नहर परियोजना ने क्षेत्र में किसानों के लिए समृद्धि की द्वार जरूर खोले हैं लेकिन नहर निर्माण के बाद सुरक्षा पुख्ता प्रबंधक नहीं होने के कारण नहर में डूबने से कई लोगों की हर साल मौत हो जाती है। नहर के पास ना तो लाइनिंग दीवार है और ना ही तेराक व अन्य संसाधन उपलब्ध हैं प्रशासन की ओर से कोई प्रयास नहीं किया जा रहे हैं जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। वही हादसों के बावजूद प्रशासन कोई सबक नहीं ले रहा है नर्मदा नगर में औसतन हर साल 10 लोगों की डूबने से मौत होती हैं हालात यह है कि नहर में डूबे व्यक्ति को निकालने में एक से दो दिन का समय लग जाता है ऐसे में संसाधनों के अभाव से नहर में डूबने के बाद व्यक्ति को सुरक्षित निकलना मुश्किल है विभाग की ओर से मुख्य नहर,माइनर,वितरिका के आसपास लाइनिंग तक नहीं हो पाई है वही नहर के आसपास सुरक्षा दीवार का निर्माण भी नहीं करवाया गया है नेहड़ क्षेत्र में दर्जनों मुख्य रास्ते नहर को क्रॉस कर गुजरते हैं ऐसे में कई बार हादसे हो चुके हैं कई बार वाहन भी नहर में गिर चुके हैं कई बार पशु भी नहर में गिर जाते हैं लेकिन उसे सुरक्षित निकालने में असमर्थ न प्रशासन है नहर में डूबे व्यक्ति को बचाने के लिए सुरक्षा उपकरणों की जरूरत रहती है लेकिन प्रशासन के पास कोई व्यवस्था नहीं है जबकि वाटर विजन कैमरा,वाटर विजन टॉर्च, लाइफ़ सेविंग जैकेट,फाइबर रस्से, हाई विजन टॉर्च,पानी में जगह-जगह लगाने के लिए जालियां,तलाशी के लिए कल्टीवेटर सिस्टम, प्रशिक्षित गोताखोर,मोटर नाव, वाटर गेज मीटर,एंबुलेंस, पेट्रोलिंग वाहन, वाटर विजन चश्मा सहित अन्य संसाधनों की जरूरत रहती हैं ताकि नहर में डूबे व्यक्ति को जल्दी ढूंढा जा सके लेकिन प्रशासन के पास कोई राहत सामग्री उपलब्ध नहीं है पर्याप्त संसाधनों के अभाव में कई बार प्रशासन व पुलिस को नहर में डूबे लोगों को खोजने में दो दिन से भी अधिक समय लग जाता है नहर के दोनों और सड़क बनी होने से लोग शॉर्टकट के चक्कर में नहर के मार्ग से सीधे जाने का प्रयास करते हैं लेकिन नहर व सड़क के बीच कोई सुरक्षा दीवार या डिवाइड नहीं होने से मोड में कई बार वहां नहर में गिर चुके हैं क्षेत्र के लालपुर, अगार,पालड़ी,डेडवा, परावा,सिवाड़ा सहित आसपास गांव में हर बार हादसे होते रहते हैं।

# पीपल्स ग्रीन पार्टी ने किया पूर्वी राजस्थान की लोकसभाओं में विधानसभा प्रभारियों का मनोनयन



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर पीपल्स ग्रीन पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय के द्वारा तैयार की गई छठी सूची को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी के द्वारा जारी किया गया। पीपल्स ग्रीन पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्रसिंह शेखावत ने बताया कि भरतपुर लोकसभा में कठूमर विधानसभा से वीरेंद्र सैनी और रामावतार यादव, कामां से डॉ. साकिर और आसाम खान, नगर से दयाराम फौजदार और अभिषेक चौधरी, डीग कुम्हेर से राजेन्द्र सैनी और कृष्ण मुरारी, भरतपुर विधानसभा से पिंकू कुमार और राहुल अग्रवाल, नदबई से दिनेश शर्मा और नकुल वंदना उपाध्याय, वैर से प्रकाश शास्त्री और बच्चु सिंह, बयाना से रामावतार गुर्जर और रवि मलिक को विधानसभा प्रभारी मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार दौसा लोकसभा में बांदीकुई से हेमराज गुर्जर और पिंटू सैनी, बस्सी से किशन कुमार मीणा और अमरपाल मीणा, चाकसू से महेन्द्र चौधरी और ताराचंद डोई, थाना गाजी से अशोक कुमार चांवरिया और जयकिशन मीणा, महुआ से मोहन लाल योगी और पिंकेश कुमार, सिकराय से शुभम कुमार सैन और मानसिंह ब्रह्म बाद, दौसा विधानसभा से नवल किशोर शर्मा और कृष्ण मुरारी शर्मा, लालसोट से के एल मीणा और मुकेश कुमार बैरवा को विधानसभा प्रभारी मनोनीत किया गया है। अलवर लोकसभा में तिजारा से अयूब खान और पीतांबर, किशनगढ़ बास से राम पाल सिंह और सीताराम प्रजापति, मंडावर से तेजपाल यादव और संजय यादव, बहरोड़ से डॉ. प्रतीक कालोनिया और लोकेश यादव, अलवर ग्रामीण से श्रीकांत चंद्र और विक्रम चौधरी, अलवर शहर से संजू सैनी और देवेश सैनी, रामगढ़ से कमल भारद्वाज और विश्राम कुमार, रामगढ़ 67 से मलखान मीणा और रवि शर्मा, धौलपुर करौली लोकसभा में बसेड़ी से रवींद्र कुमार भरड़ और अंकुश बिजौली, बारी से गौरव सेन और किशन किराड़, धौलपुर विधानसभा से सुरेंद्र सिंह लोधी और गौरव गिरी, राजाखेड़ा से विक्रम मौर्य और सत्यनारायण वर्मा, टोडाभीम से पंखी लाल मीणा और रामावतार, हिंडौन से राजीव कलसाड़िया और कंवर तंवर, करौली विधानसभा से हेमराज प्रजापति और रोहित चतुर्वेदी, सपोटरा से लवकुश मीणा और नहर सिंह सैनी को विधानसभा प्रभारी मनोनीत किया गया है।

# जंक्शन में गूंजा वंदे मातरम, विद्यार्थियों से लेकर आमजन सबने थामा तिरंगा

## -राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भगतसिंह चौक से अग्रसेन भवन तक पदयात्रा

## -वंदे मातरम के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बोले प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा



हनुमानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रोत्साहित करने वाले और आज भी राष्ट्रीय गौरव एवं एकता का अलख जगाने वाले राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में उत्सव का माहौल है। इसी अवसर पर शनिवार को हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित भगतसिंह चौक से अंडरपास होते हुए सर्किट हाउस और वहाँ से अग्रसेन भवन तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में हजारों विद्यार्थियों, स्काउट-एनसीसी कैडेट्स, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए वंदे मातरम के नारों से वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। पदयात्रा की समाप्ति पर अग्रसेन भवन में वंदे मातरम का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत गायन से किया गया। इसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीएम राजकीय विद्यालय, एनपीएस स्कूल और नवज्योति विकलांग संस्थान, जंक्शन के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से सराबोर प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि वंदे मातरम की रचना करते समय शायद यह नहीं सोचा गया होगा कि एक दिन यह गीत विश्वभर में भारत की पहचान बन जाएगा। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के योगदान को देश सदा याद रखेगा। सरदार पटेल और बंकिमचंद्र चटर्जी हमारी स्मृतियों में सदैव अमर रहेंगे। इन्हीं महान स्मृतियों को संजोने के लिए ऐसे उत्सव किए जा रहे हैं। सरदार पटेल के जिस भारत के स्वप्न की कल्पना थी, उसकी वैभवशाली छवि आज सम्पूर्ण विश्व देख रहा है। प्रमोद डेलू ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए प्रत्येक देशवासी के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करनी होगी। इसी मंशा के अनुरूप यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे आयोजनों की परिकल्पना को साकार किया है। कार्यक्रम का मंच संचालन भीष्म कौशिक ने किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हरि शंकर, जींद विधायक कृष्ण मिड्ढा, पूर्व विधायक गुरदीप शाहपिनी, पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रमोद डेलू, जनप्रतिनिधि अमित चौधरी, एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल, एडीएम उम्मेदीलाल मीना, जिला परिषद सीईओ ओ.पी. बिश्नोई, एएसपी जनेश तंवर, सीडीईओ पन्नालाल कड़ेला, प्रदीप ऐरी, बलबीर बिश्नोई, देवेंद्र पारीक, विकास गुप्ता, ओम सोनी, आशीष पारीक, संजय शर्मा, गुलाब सिंवर सहित बड़ी संख्या में स्काउट्स, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली विद्यार्थी, आमजन व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**राष्ट्रगीत वंदे मातरम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि-**

बंकिमचंद्र चटर्जी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना 7 नवंबर, 1875 को अक्षय नवमी के पावन अवसर पर की थी। यह पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के एक अंश के रूप में प्रकाशित हुआ था। मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का स्वरूप बताते हुए इस गीत ने भारत की एकता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की भावना को काव्यात्मक अभिव्यक्ति दी। शीघ्र ही यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बन गया।

# वन्देमातरम@150 गीत के 150 पूर्ण होने पर लोढ़ा स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



पाली (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम@150 के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को आरसीलोढा स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम शनिवार सांय को जिला प्रशासन ,नगर विकास न्यास,नगर निगम व शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ अतिरिक्त कलेक्टर ओम प्रभा ने किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया जिसमें अनेक स्कूलों ने देश भक्ति गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया और माहौल वन्दे मातरम और देशभक्ति के जज्बों से भर गया। कार्यक्रम में पीएम बलिया ,बांगड़ स्कूल,गार्जियन पब्लिक स्कूल, सुल्तान (एमजीएस) आरसी लोढ़ा सीनियर सेकंडरी,एमएस कंवर सीनियर सेकेंडरी. गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी. स्कूल मिल एरिया पाली आदि के बच्चो ने विभिन देश भक्ति गीतों वन्दे मातरम, माँ तुझे सलाम आदि गीतों पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रभा, यूआईटी सचिव डॉ. पूजा सक्सेना, डीईओ राहुल राजपुरोहित, बांगड़ स्कूल के प्रिंसिपल बसन्त परिहार, लोढा स्कूल भूपेंद्र कुमार स्टाफ व अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन गणपत पनू व ललिता मूलचंदानी ने किया।

# गीतांजली यूनिवर्सिटी में एचडीएफसी बैंक शाखा का शुभारंभ



उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली यूनिवर्सिटी में आज एचडीएफसी बैंक की नई शाखा "गीतांजली यूनिवर्सिटी शाखा" का शुभारंभ किया गया। यह शाखा गीतांजली परिसर में बैंकिंग सुविधाओं को और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में गीतांजली ग्रुप के चेयरमैन जे.पी. अग्रवाल एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल, एचडीएफसी बैंक के ज़ोनल हेड कुमार सौरभ तथा ब्रांच मैनेजर चंदन पालीवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर गीतांजली यूनिवर्सिटी एवं गीतांजली हॉस्पिटल की लीडरशिप टीम, स्टाफ सदस्य और एचडीएफसी बैंक के अधिकारी भी मौजूद थे। नव स्थापित शाखा से छात्रों, फैकल्टी सदस्यों और कर्मचारियों को बैंकिंग सेवाओं का त्वरित और आसान लाभ मिल सकेगा। इस पहल से न केवल वित्तीय सेवाएँ परिसर में सुलभ होंगी, बल्कि यह यूनिवर्सिटी में डिजिटल बैंकिंग को भी प्रोत्साहन देगी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## आवश्यकता

जयपुर से प्रकाशित होने वाले अख़बार "रॉयल पत्रिका" को सीकर, झुंझुनूं के लिए रिपोर्टर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें - 8058969180/9799559096

# ख्वाजा के दरगाह की होगी निगहबानी, पर अदब भी रहेगा बरकरार

## -हाईकोर्ट ने खींची मर्यादा की लकीर



अजमेर। राजस्थान का अजमेर हमेशा ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह की वजह से गुलजार रहता है। यहां पर पूरी दुनिया से हर साल बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचते हैं। अजमेर शरीफ दरगाह में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने का मुद्दा इस समय सुर्खियों में हैं। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैहि के मुख्य आस्ताना शरीफ में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के मामले को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में अहम सुनवाई हुई है। सुनवाई के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने साफ निर्देश दिया कि दरगाह परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, लेकिन इस बात का खास ध्यान रखा जाए कि कैमरों में मुख्य मजार की तस्वीर कैद न हो। इस दौरान दरगाह कमेटी की तरफ से वकील यादवेन्द्र जादौन ने पक्ष रखा और अदालत को मामले की जानकारी दी। दरगाह कमेटी के वकील यादवेन्द्र जादौन ने बताया कि यह मामला सैयद मेराज चिश्ती की याचिका पर कोर्ट में पहुंचा है, जिसमें मुख्य मुद्दा आस्ताना शरीफ में सीसीटीवी लगाने और दरगाह कमेटी की नियुक्ति को लेकर था। अदालत ने सीसीटीवी से जुड़े बाकी बिंदुओं और दरगाह कमेटी की नियुक्ति से संबंधित अन्य मांगों को खारिज कर दिया। दिल्ली हाईकोर्ट ने यह भी साफ किया कि भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के निर्देशों का पालन करते हुए और सुरक्षा व निगरानी को ध्यान में रखते हुए दरगाह में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना जरूरी है। अदालत ने कहा कि आस्ताना शरीफ परिसर में कैमरे लगाए जाएं, लेकिन मुख्य मजार कैमरे की जद में नहीं आना चाहिए। जिससे किसी की मजहबी जज्बात ठेस न पहुंचे। कोर्ट ने दरगाह कमेटी के गठन को लेकर भी निर्देश जारी किए हैं। इससे पहले अजमेर कोर्ट ने भी दरगाह परिसर में सीसीटीवी लगवाने के आदेश दिए थे। हालांकि, इस आदेश पर खादिम समुदाय की तरफ से आपत्ति जताई गई थी। इसी के बाद सैयद मेराज चिश्ती ने वरिष्ठ अधिवक्ता छाया सरकार के जरिये से यह याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में दायर की थी।

इस याचिका में भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और दरगाह ख्वाजा साहब के नाज़िम कार्यालय को भी पक्षकार बनाया गया था। भारत सरकार की ओर से अधिवक्ता अमित तिवारी ने अदालत में अपना पक्ष रखा। मामले पर दरगाह कमेटी अजमेर के वकील यादवेन्द्र जादौन ने मीडिया को जानकारी देते हुए अदालत की तरफ से जारी निर्देशों की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने सुरक्षा को तरजीह देते हुए यह फैसला लिया है, लेकिन मजहबी जज्बात का ध्यान भी रखा गया है।

# भारतीय मूल के जोहरान ममदानी बने न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर

## -ट्रंप ने कहा था कि अगर कोई यहूदी ममदानी को वोट देता है, तो वह मूर्ख है



न्यूयॉर्क (एजेंसी)। अमेरिका के सबसे बड़े शहर न्यूयॉर्क में ऐतिहासिक चुनावी परिणाम सामने आया है। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने बुधवार को मेयर पद का चुनाव जीतकर न्यूयॉर्क शहर के पहले मुस्लिम मेयर बनने का गौरव हासिल किया। ममदानी 1 जनवरी, 2026 से शहर के नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालेंगे। जोहरान ममदानी का जन्म 18 अक्टूबर 1991 को युगांडा के कंपाला में हुआ था। वे युगांडा के विद्वान महमूद ममदानी और प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर के बेटे हैं। उनका बचपन युगांडा से दक्षिण अफ्रीका और अंततः न्यूयॉर्क शहर में बीता। शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे ममदानी ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत युवा नेताओं के मंच से की और जल्द ही उन्हें शहर की राजनीति में पहचान मिली। चुनाव में ममदानी ने निर्दलीय उम्मीदवार एंड्रयू कुओमो को पराजित किया। इससे पहले जून में हुई डेमोक्रेटिक प्राइमरी में भी ममदानी ने कुओमो को हराया था। इस चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लीवा ने भी भाग लिया और कुओमो के खेमे के दबाव के बावजूद अपना नाम वापस नहीं लिया। ममदानी की जीत ने अमेरिका के राजनीतिक परिदृश्य में नया अध्याय जोड़ दिया है और देशभर में व्यापक चर्चा का विषय बन गया है। अपनी जीत के बाद ममदानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिटी हॉल का वीडियो साझा किया। वीडियो में न्यूयॉर्क मेट्रो ट्रेन खुलती दिखाई दे रही थी और दीवार पर लिखा था, "जोहरान फॉर न्यू यॉर्क सिटी।" सिटी हॉल वह जगह है, जहां मेयर का कार्यालय स्थित है। ममदानी ने अपनी पहली पोस्ट में लिखा कि यह जीत सभी न्यूयॉर्कवासियों की मेहनत और विश्वास का परिणाम है और वे सभी समुदायों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करेंगे।

हालांकि चुनाव से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क ने ममदानी की आलोचना की थी। ट्रंप ने ममदानी को कम्युनिस्ट उम्मीदवार बताते हुए चेतावनी दी थी कि यदि वे मेयर बने तो न्यूयॉर्क शहर को केवल न्यूनतम संघीय फंड मिलेगा। ट्रंप ने यहां तक कहा था कि अगर कोई यहूदी ममदानी को वोट देता है, तो वह मूर्ख है। वहीं, मस्क ने बैलेट पेपर पर ममदानी का नाम दो बार छपने का सवाल उठाते हुए इसे "न्यूयॉर्क सिटी का बैलेट पेपर घोटाला" करार दिया। इन आलोचनाओं और विरोधों के बावजूद ममदानी की जीत दर्शाती है कि न्यूयॉर्क के नागरिक उनके विज़न और नेतृत्व पर विश्वास करते हैं। ममदानी ने अपने चुनावी भाषण में शहर की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुधारों को प्राथमिकता देने का वादा किया। उनका मानना है कि न्यूयॉर्क को सभी समुदायों के लिए एक समान और सुरक्षित शहर बनाया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ममदानी की जीत अमेरिकी राजनीति में विविधता और समावेशिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल मुस्लिम समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, बल्कि भारतीय और अफ्रीकी मूल के अमेरिकियों के लिए भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। न्यूयॉर्क शहर अब नए नेतृत्व और नए दृष्टिकोण के साथ 2026 में आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा है।

# रकमा में मोहम्मद कामिल मुख्य कोषाध्यक्ष नियुक्त




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनोरिटी एसोसियेशन ने संगठन को और मज़बूत करने के लिए मुख्य प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। मोहम्मद कामिल पंचायत राज विभाग शासन सचिवालय, जयपुर में कई वर्षो से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में मोहम्मद कामिल अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर रहते हुए कई कर्मचारियों के कामों को तवज्जों के साथ अंजाम देते हैं और इमानदारी से अपनी श्रेष्ठतम सेवाएं दे रहे हैं। मोहम्मद कामिल शुरुआती दौर से ही रकमा के पिल्लर रहे हैं। संरक्षक जाहिद अली, अध्यक्ष अतीक अहमद और इमरान भाई ने मोहम्मद कामिल को दोबारा संगठनात्मक एक्टिव करने के लिए राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनोरिटी ऐसोसियेशन में लाकर मुख्य प्रदेश कोषाध्यक्ष पद का दायित्व देते हुए रकमा को मजबूती प्रदान की। संगठन की ओर से मोहम्मद कामिल को मुबारकबाद व बधाई दी और आशा की है कि मोहम्मद कामिल पूर्व की भांति अपना क्षेष्ठ रकमा को देने का प्रयास करेंगे।

# उत्तर प्रदेश सरकार हज यात्रियों की सेवा में जुटी, सऊदी अरब में तैनात होंगे 115 हज इंस्पेक्टर



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले 17,226 श्रद्धालुओं की सेवा, सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके लिए 115 राज्य हज इंस्पेक्टरों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चयनित इंस्पेक्टरों को सऊदी अरब में तैनात किया जाएगा, जहां वे हज यात्रियों की सहायता, मार्गदर्शन और व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे।

**पारदर्शी चयन प्रक्रिया-**

राज्य हज समिति के अनुसार, इस पद के लिए प्रदेश के 450 से अधिक सरकारी कर्मचारियों ने आवेदन किया है। चयन पूरी तरह कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा (CBT) और साक्षात्कार (Interview) के आधार पर होगा। परीक्षा 16 नवंबर 2025 को आयोजित की जाएगी, जबकि इंटरव्यू और अंतिम परिणाम नवंबर के चौथे सप्ताह में घोषित होंगे। चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें हज प्रक्रिया, अरबी भाषा के मूलभूत शब्द, तीर्थस्थलों का मार्गदर्शन, स्वास्थ्य और आपात सेवाओं की जानकारी शामिल होगी।

**हर 150 यात्रियों पर एक इंस्पेक्टर-**

हज समिति ने बताया कि प्रत्येक 150 हज यात्रियों पर एक इंस्पेक्टर तैनात किया जाएगा। इंस्पेक्टरों का कार्य यात्रियों के आवास, भोजन, स्वास्थ्य सुविधा और दस्तावेज़ी सहायता को सुनिश्चित करना है। सभी व्यवस्थाएँ भारत सरकार और सऊदी अरब के हज मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप होंगी।

**महिला यात्रियों के लिए महिला इंस्पेक्टर-**

इस वर्ष विशेष रूप से महिला हज यात्रियों की सुविधा के लिए महिला हज इंस्पेक्टरों की भी नियुक्ति की जाएगी। समिति ने बताया कि कई महिलाएं बिना पुरुष सहयोगी (महरम) के यात्रा करती हैं, इसलिए महिला इंस्पेक्टर उनकी सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करेंगी। उनका चयन भी परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से ही होगा।

**स्वास्थ्य और आपात प्रबंधन-**

राज्य हज समिति ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सभी इंस्पेक्टरों को फर्स्ट-एड और आपात प्रबंधन प्रशिक्षण देने की योजना बनाई है। प्रत्येक जत्थे के साथ एक मेडिकल टीम भी तैनात होगी, जो यात्रियों की स्वास्थ्य स्थिति, औषधि वितरण और आपातकालीन उपचार की जिम्मेदारी संभालेगी।

**तकनीकी निगरानी और सऊदी सरकार के साथ समन्वय-**

इस बार डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम, मोबाइल एप्लिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग सिस्टम के माध्यम से हज यात्रियों की निगरानी की जाएगी। सूचना केंद्र, मेडिकल कैंप और शिकायत निवारण केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। सऊदी अरब के हज मंत्रालय के साथ सीधे समन्वय के जरिए हर इंस्पेक्टर को एक स्थानीय अधिकारी के साथ जोड़ा जाएगा। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले श्रद्धालुओं का पहला जत्था जून 2026 में रवाना होगा और वापसी जुलाई के अंतिम सप्ताह तक होगी। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हज यात्रा इस बार अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और सुविधाजनक हो।

# नागरिकों के सवाल - लोकतंत्र, अधिकार और सरकार की जिम्मेदारी

**डॉ. मोहम्मद शोएब**



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आज मुझे गहरी चिंता है कि हमारे संवैधानिक अधिकार — शांतिपूर्ण आन्दोलन, आवाज़ उठाने की आज़ादी — किनारे धकेले जा रहे हैं। जब देश की राजधानी में साफ़-सुथरी हवा की माँग कर रहे नागरिकों को बिना अनुमति के एकत्र होने पर रोका जाता है, और उन्हें "जैसे अपराधी" व्यवहार किया जाता है, तो यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सचमुच एक चेतावनी है। मेरे लिए यह स्पष्ट है: स्वच्छ हवा एक बुनियादी मानव अधिकार है, और शांति से प्रदर्शन करने का अधिकार हमारा संविधान गारंटी करता है। अगर प्रदर्शनकारियों को बिना किसी हिंसा या नागरिक शांति भंग किये "तोड़फोड़" समझा जा रहा है, तो यह केवल नियम-उल्लंघन नहीं — यह असंवेदनशीलता का परिचय है। हमारी सरकार को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए — कार्रवाई सिर्फ़ आवाज़ दबाने के लिए नहीं बल्कि समस्या को हल करने के लिए होनी चाहिए। जैसा कि राहुल गांधी जी ने उठाया, "नागरिकों को अपराधी की तरह क्यों माना जा रहा है?" एक कांग्रेस कार्यकर्ता और समाज सेवक होने के नाते, मैं यह कहता हूँ: राजनीति का उद्देश्य सत्ता को बनाए रखना नहीं, जीवन को बेहतर बनाना होना चाहिए। जब नागरिकों की आवाज़ दबाई जाए, जब वे भय-बाहित हों, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ जाता है। हवा की सफाई, स्वास्थ्य, नीतिगत जवाबदेही — ये विषय सिर्फ़ महानगरों के लिए नहीं, हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी हैं। ये विषय राष्ट्र-निर्माण के हिस्से हैं। इसलिए मैं आग्रह करता हूँ कि सरकार संयम से, संवाद के साथ कार्य करे और प्रदर्शनकारियों को सिर्फ़ "रोकने" की बजाय उनकी माँगों का समाधान निकाले। अगर लोकतंत्र में जीवन को तरजीह नहीं दी जाएगी, तो अधिकार हों या वोटर सूची — सब मायने खो देंगे। हम सब मिलकर यह भरोसा बनाएं कि हमारी आवाज़, हमारी सरकार तक पहुंचे, और हमारी सुरक्षा, हमारा सम्मान — दोनों कायम रहें।






# हाजी शेख निजामुद्दीन को चेंज मेकर अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित



जयपुर। राजस्थान हज वेलफेयर सोसाइटी जयपुर के महासचिव शेख हाजी निजामुद्दीन को चेंज मेकर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड 15 और 16 नवंबर को लखनऊ में आयोजित कॉन्फ्रेंस में दिया जाएगा। गौरतलब है कि एएमपी की ओर से हाल ही में इस अवार्ड की घोषणा की गई। अवार्ड के लिए देशभर से ऐसे 100 लोगों का चयन किया गया है जिन्होंने समाज सेवा के हर क्षेत्र में कार्य किया हो। हाजी शेख निजामुद्दीन का जयपुर में हज हाउस के निर्माण में बहुत योगदान रहा है। हज हाउस में हाजियों की खिदमत बड़े ही अनुशासन में वैधानिक तरीके से हो रही है। 15 और 16 नवंबर को इस्लामिक कल्चर सेंटर द्वारा लखनऊ में कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि जोधपुर मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष मोहम्मद अतीक शिरकत करेंगे और ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी जोधपुर जिला ईकाई के अध्यक्ष हाजी सैयद आरिफ एवं ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी जोधपुर जिला ईकाई के वरिष्ठ सदस्य हाजी अब्दुल मन्नान शिरकत करेंगे। हाजी निजामुद्दीन को बेहतरीन हज खिदमत और समाज की सेवा करने के लिए चेंज मेकर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।






मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्नाखान के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, 3-A, डी एल टावर, विद्या आश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाडा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित।

संपादक : मुन्नाखान मो. 9772552446 कार्यालय फोन - 0141-4982834 Gmail : royalpatrika@gmail.com Yahoo : royal_patrika@yahoo.com